खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 34°C
न्यूनतम : 20°C

मेरठ, शुक्रवार 15 मई 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 343 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 27 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी: राजनाथ सिंह पेज 2



ऑरेंज कैप टेबल में तीसरे नंबर पर पहुंचे विराट कोहली खेल टाइम्स



सामाजिकता की सबसे बड़ी कुंजी है परिवार सम्पादकीय



ताइवान पर चीन की अमेरिका को सख्त चेतावनी पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में हफ्ते में दो दिन वर्क फ्रॉम होम लागू

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने ईंधन बचाने के मद्देनजर अपने कर्मचारियों के लिए सप्ताह में दो दिन घर से काम करने की व्यवस्था करने का फैसला लिया है और कुछ उपायों की घोषणा की है। सरकार ने दिल्ली में ईंधन बचत, प्रदूषण कम करने और 'मेड इन इंडिया' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेरा भारत, मेरा योगदान अभियान के तहत व्यापक दिल्ली 'एक्शन प्लान' जारी किया है। इसके तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए घर से काम करने, ऑनलाइन बैठकें, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग जैसे कई महत्वपूर्ण कदमों की घोषणा की गई है। इसके साथ ही निजी क्षेत्र को भी कर्मचारियों के सप्ताह में दो दिन घर से काम करने की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है। सरकारी कार्यालयों का समय अलग-अलग करने और सोमवार को मेट्रो डे मनाने की बात कही गई है, ताकि लोग अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।

### ईरान ने यूएई तट के पास एक जहाज को किया जब्त

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात के पूर्वी तट के पास लंगर डाले एक जहाज को अज्ञात लोगों द्वारा जब्त कर ईरान की दिशा में ले जाने की खबर सामने आई है। इस घटना की पुष्टि ब्रिटिश सैन्य संगठन यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ )ने की है। घटना के बाद पूरे होर्मुज स्ट्रेट क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। यह जहाज फुजैरा बंदरगाह से लगभग 38 समुद्री मील (करीब 70 किलोमीटर) उत्तर-पूर्व में लंगर डाले था, जब उस पर अनधिकृत लोगों ने कब्जा कर लिया।

### सबरीमाला मंदिर मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों पर महिलाओं की एंट्री और उनकी धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े मामलों की सुनवाई गुरुवार को पूरी कर ली है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता में 9 जजों वाली बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने 16 दिन तक केंद्र, धार्मिक संगठनों और याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनीं। कोर्ट धार्मिक स्वतंत्रता, अनुच्छेद 25 और 26 के दायरे, संवैधानिक नैतिकता और धार्मिक प्रथाओं में न्यायिक हस्तक्षेप की सीमा जैसे कई अहम संवैधानिक सवालों पर फैसला देगी। इनमें सबसे अहम मासिक धर्म के उम्र वाली 10 से 50 साल की महिलाओं की सबरीमाला मंदिर में एंट्री का विवाद है।

# वैश्विक संकट के बीच भारत का ब्रिक्स एकजुटता का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, आर्थिक अस्थिरता और कमजोर होती बहुपक्षीय संस्थाएं वैश्विक व्यवस्था को अधिक नाजुक बना रही हैं और ब्रिक्स देशों को स्थिरता तथा वैश्विक शासन व्यवस्था में सुधार के लिए एकजुट होकर कदम उठाने चाहिए।

विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने गुरुवार को यहां हुए ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक असुरक्षा और



संस्थागत सुधारों पर केंद्रित संबोधन में कहा कि दुनिया अभूतपूर्व भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता का सामना कर रही है। इसके पीछे सशस्त्र संघर्ष, जलवायु संबंधी आपदाएं और कोविड महामारी के दीर्घकालिक प्रभाव प्रमुख कारण हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि ये संकट अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं, बल्कि

**■ विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में प्रतिबंधों और आतंकवाद पर जताई चिंता**

वैश्विक चुनौतियों का ऐसा संगम हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाओं की क्षमता की परीक्षा ले रहे हैं और जिनका सबसे अधिक असर उभरती अर्थव्यवस्थाओं तथा विकासशील देशों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्थिरता, सतत विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक कार्रवाई और दृढ़ संकल्प आवश्यक हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ब्रिक्स देशों को केवल विचार-विमर्श तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि प्रभावी और समन्वित समाधान विकसित करने चाहिए। डा. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की बुनियाद रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संवाद और कूटनीति ही संघर्षों के समाधान के टिकाऊ उपाय हैं।

# 16 राज्यों व 3 केंद्र शासित प्रदेशों में SIR की घोषणा

## चुनाव आयोग ने तीसरे चरण का किया ऐलान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं के घर जाकर करेंगे सर्वेक्षण**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण के तीसरे चरण की घोषणा की है। इसके तहत देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा। चुनाव आयोग के अनुसार, जनगणना के तहत चल रही गृह-सूचीकरण प्रक्रिया के साथ साझा जमीनी तंत्र को ध्यान में रखते हुए एसआईआर के तीसरे चरण का कार्यक्रम तय कर लिया गया है।

आयोग के अनुसार, एसआईआर के तीसरे चरण के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। यह पूरा कार्यक्रम मई 2026 से शुरू होकर दिसम्बर 2026 तक चलेगा और अलग-अलग राज्यों में अंतिम मतदाता सूची सितम्बर से दिसम्बर 2026 के बीच प्रकाशित की जाएगी। आयोग ने बताया कि एसआईआर का तीसरा चरण पूरा होने के बाद हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर -शेष पृष्ठ दो पर




### सीईसी ने की एसआईआर के तीसरे चरण में पूरे उत्साह से भाग लेने की अपील

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मतदाताओं से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में पूरे उत्साह से भाग लेने की अपील की है। श्री कुमार ने गुरुवार को 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर के तीसरे चरण के शुभारंभ के कार्यक्रम की घोषणा पर कहा कि मैं सभी मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण में उत्साहपूर्वक भाग लेने और अपने मतदाता-गणना प्रपत्र भरने की अपील करता हूं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि एसआईआर का संचालन यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है कि मतदाता सूची में केवल पात्र मतदाताओं के नाम शामिल हों।

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग में नियुक्तियों को लेकर केंद्र सरकार से सवाल किया। कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार को ही फैसला करना है, तो सिलेक्शन कमेटी में विपक्ष के नेता (एलओपी) को रखकर स्वतंत्रता का दिखावा करने की जरूरत क्या है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि सीबीआई डायरेक्टर की सिलेक्शन कमेटी में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) शामिल होते हैं, लेकिन चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाली

**■ कहा: सरकार को ही फैसला लेना है, तो कमेटी में नेता विपक्ष को रखने का दिखावा क्यों**

समिति में कोई स्वतंत्र सदस्य नहीं रखा गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए मौजूदा कमेटी में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल हैं। इनमें बहुमत के आधार पर एक नाम का चयन होता है। अभी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हैं। पूरा मामला मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं से जुड़ा है। इस पर कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई की। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि नई चयन प्रक्रिया में केंद्र को ज्यादा अधिकार दिए गए हैं, जिससे आयोग की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। यह चुनौती सुप्रीम कोर्ट की 2023 के फैसले 'अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ' के बाद सामने आई है। उस फैसले में कहा गया था कि जब तक संसद कानून नहीं बनाती, तब तक चुनाव आयोग में नियुक्तियां प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सीजेआई वाली समिति के जरिए की जाएंगी।

# दिल्ली में चलती स्लीपर बस में गैंगरेप

**नई दिल्ली।** एक भयावह घटना ने राष्ट्रीय राजधानी को एक बार फिर झकझोर दिया है। सोमवार देर रात दिल्ली के रानी बाग इलाके में एक चलती स्लीपर बस के अंदर 30 वर्षीय महिला का अपहरण कर सामूहिक बलात्कार किया गया।

पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल की गई बस को जब्त कर लिया है और पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीतमपुरा की एक झुग्गी बस्ती

**■ समय पूछने पर महिला को चलती बस में खींचा**

निवासी पीड़िता मंगोलपुरी की एक फैक्ट्री में काम करती है। रात की शिफ्ट खत्म करने के बाद वह घर जा रही थी, जब वह सरस्वती विहार के बी-ब्लॉक बस स्टैंड पर पहुंची। वहां एक स्लीपर बस खड़ी थी। जब उसने बस के दरवाजे पर खड़े एक युवक -शेष पृष्ठ दो पर

### वीडी सतीशन केरलम के सीएम होंगे

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वीडी सतीशन केरलम के नए सीएम होंगे। कांग्रेस ने राज्य के चुनाव नतीजे घोषित होने के 10 दिन बाद गुरुवार को इसका ऐलान किया। 61 साल के सतीशन पारावूर सीट से विधायक हैं। कांग्रेस नेता दीपा दासमुंशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी ने तिरुवनंतपुरम में 7 मई को मीटिंग की थी। पार्टी अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी से चर्चा के बाद तय किया गया कि केरलम सीएम वीडी सतीशन होंगे। नाम का ऐलान होने के बाद सतीशन ने कहा कि मैं इस पद को निजी उपलब्धि नहीं बल्कि दैवीय कृपा मानता हूं।






## पश्चिम एशिया संकट का असर: कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से दबाव

# अप्रैल में 8.30 % पर पहुंची थोक महंगाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा संकट और भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा**

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा संकट और भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है।

वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल महीने में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर में भारी उछाल दर्ज किया गया है। मार्च महीने में थोक महंगाई दर 3.88 प्रतिशत के स्तर पर थी, जो अप्रैल में तेजी से बढ़कर 8.30 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इस जबरदस्त वृद्धि के पीछे मुख्य कारण ईंधन, बिजली और कच्चे पेट्रोलियम की कीमतों में आई बेतहाशा तेजी है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, अप्रैल 2026 में महंगाई की दर मुख्य रूप से खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, बुनियादी धातुओं, अन्य विनिर्माण और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण है। थोक महंगाई में आया यह तेज उछाल सीधे तौर पर पश्चिम एशिया में चल रहे संकट को दर्शाता है। इसके साथ ही, होर्मुज स्ट्रेट की प्रभावी नाकेबंदी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। यह जलमार्ग भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत अपने आयातित कच्चे तेल का अधिकांश हिस्सा इसी मार्ग से प्राप्त करता है।

### संक्षिप्त समाचार

**ईंधन बचाने की पहल विधान परिषद की संसदीय समितियों के भ्रमण कार्यक्रम स्थगित**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाने के आह्वान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फ्लीट 50 प्रतिशत कम करने के फैसले के बाद अब उत्तर प्रदेश विधान परिषद ने भी बड़ा कदम उठाया है। विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने परिषद की संसदीय समितियों के पूर्व निर्धारित भ्रमण के सभी कार्यक्रमों को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। विधान परिषद के प्रमुख सचिव डा. राजेश सिंह ने बताया कि अब संसदीय समितियों की बैठकों में जिला स्तरीय अधिकारी अग्रिम आदेशों तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से प्रतिभाग करेंगे। इससे अधिकारियों का जिलों में आना-जाना कम होगा और ईंधन की बचत होगी।

**केरल में सतीशन कांग्रेस विधायक दल के नेता चुने गए**

**नई दिल्ली।** केरल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वीडी सतीशन को पार्टी विधायक दल का नेता घोषित किया गया है। कांग्रेस की केरल प्रदेश प्रभारी दीपादास मुंशी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में में बताया कि सतीशन को केरल में पार्टी विधायक दल का नेता बनाया गया है। इस मौके पर उनके साथ केरल के लिए नियुक्त किए गए केन्द्रीय पर्यवेक्षक अजय माकन और मुकुल वासनिक भी मौजूद थे। श्रीमती दास मुंशी ने बताया कि गत सात मई को तिरुवनंतपुरम में पार्टी विधायक दल की बैठक में नेता चुनने का अधिकार पार्टी हाईकमान को दे दिया गया था। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोस में पार्टी के नेता राहुल गांधी, केन्द्रीय पर्यवेक्षकों तथा केरल के पार्टी सांसदों और अन्य वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श किया।

## कई जिलों में आंधी से सैकड़ों पेड़ धराशाई, बिजली के खंभे उखड़े

# उप्र में चक्रवाती तूफान व बारिश से 104 मरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बुधवार को चक्रवाती तूफान और बारिश ने जम कर कहर बरपाया। मौसम जनित हादसों में पूरे राज्य में 104 से अधिक लोग अकाल मृत्यु का शिकार हुए। प्रयागराज, भदोही, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सीतापुर और बहराइच समेत कई जिलों में आंधी से सैकड़ों पेड़ धराशाई हो गए, जबकि बिजली के खंभे उखड़ने से विद्युत आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई और कई इलाके अंधेरे में डूब गए।

आंधी बारिश से दर्जनों कच्चे मकानों को भी नुकसान पहुंचा। आंधी-पानी की चपेट में आने से



**सीएम ने 24 घंटे में पीड़ितों को मुआवजा देने का दिया निर्देश, बांदा रहा प्रदेश में सर्वाधिक गर्म**

अलग-अलग जिलों में 104 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। सबसे ज्यादा वाराणसी, प्रयागराज और कानपुर मंडल में लोगों की मौत हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे मकान और टीन शेड उड़ गए, वहीं फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। तेज बारिश और धूल भरी आंधी के कारण सड़कों पर आवाजाही प्रभावित रही। कई जगह पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। मरने वालों में भदोही में 18, मिर्जापुर में 15, प्रयागराज में 17, प्रतापगढ़ और बरेली में 4-4, फतेहपुर में 10, उन्नाव और बदायूं में 6-6, सीतापुर, रायबरेली, चंदौली, कानपुर देहात, हरदोई और संभल में दो-दो, कौशांबी, शाहजहांपुर, सोनभद्र और लखीमपुरखीरी में एक-एक लोग शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार देर रात बैठक कर आंधी, बेमौसम बारिश, आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं की समीक्षा की और 24 घंटे में पीड़ितों को मुआवजा देने के निर्देश दिए। योगी ने प्रभावित क्षेत्रों के जिलाधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर जाने के लिए कहा। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है।

### आंधी में उड़ा व्यक्ति दूर जाकर खेत में गिरा

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के भमोरा थाना क्षेत्र में बुधवार को तेज आंधी और बारिश के दौरान एक हैरान कर देने वाला हादसा सामने आया, जिसमें बारातघर की उड़ती टीननुमा चादर को पकड़ने का प्रयास कर रहा एक व्यक्ति हवा में उड़कर दूर खेत में जा गिरा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके शरीर में कई फ्रैक्चर बताए जा रहे हैं। ग्राम बबियाना निवासी नन्हे (50) गांव में बने बारातघर के पास खड़े थे। अचानक मौसम खराब हो गया और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज हवाओं के कारण बारातघर की टीन की चादर उड़ने लगी। इसी दौरान नन्हे उसे संभालने के लिए उससे जुड़े लोहे के पाइप को पकड़ लिया, लेकिन हवा का दबाव इतना तेज था कि वह खुद भी चादर के साथ कई फीट ऊपर उठ गए।

# रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी:राजनाथ

**नई दिल्ली, वार्ता**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए विभिन्न हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय को मजबूत करने का आह्वान किया है और कहा है कि तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा अब पुराने तरीकों पर निर्भर नहीं रह सकती।

सिंह ने गुरुवार को यहां प्रमुख रणनीतिक संवाद 'कलम और कवच' में अपने वर्चुअल संदेश में कहा कि इस मंच का नाम ही देश के भविष्य के सुरक्षा ढांचे की सशक्त दृष्टि को दर्शाता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि कलम विचारों, तर्क और आगे की सोच रखने के साहस का प्रतीक है। कवच शक्ति, सुरक्षा और राष्ट्र की रक्षा करने की क्षमता का प्रतीक है। जो देश स्पष्ट रूप से सोच सकता है और मजबूती से अपनी रक्षा कर सकता है, वही दुनिया में ऊंचा खड़ा होता है। हम ऐसे ही भारत के निर्माण की दिशा में काम कर रहे हैं।

वैश्विक संघर्षों के बदलते स्वरूप पर सिंह ने कहा कि दुनिया भर में रणनीतिक परिदृश्य लगातार अधिक अनिश्चित, प्रतिस्पर्धी और प्रौद्योगिकी- आधारित होता जा रहा है। उन्होंने भू-राजनीतिक तनाव, संघर्ष, साइबर खतरे, आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरी और हाइब्रिड युद्ध के उभरते स्वरूपों को देशों के सामने मौजूद प्रमुख चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी दुनिया में राष्ट्रीय सुरक्षा पुराने आयामों पर आधारित नहीं रह सकती। इसके लिए हमारी तैयारी, लचीलापन, नवाचार और रणनीतिक आत्मविश्वास आवश्यक है।ष रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर जोर देते हुए सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक लक्ष्य नहीं, बल्कि भारत के लिए रणनीतिक आवश्यकता



**तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में पुराने तरीकों पर निर्भर नहीं रह सकते: रक्षा मंत्री**

है। उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र महत्वपूर्ण रक्षा क्षमताओं के लिए अत्यधिक रूप से दूसरों पर निर्भर रहता है, वह संकट के समय कमजोर बना रहता है। हमें अपने राष्ट्रीय तंत्र के भीतर ही प्रमुख प्रणालियों का डिजाइन, विकास, उत्पादन, रखरखाव और उन्नयन करना होगा। इसी तरह हम अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को सुरक्षित रख पाएंगे।

रक्षा मंत्री ने विभिन्न हितधारकों के बीच अधिक समन्व्य की आवश्यकता पर भी बल दिया और कहा कि आधुनिक युद्ध में कई क्षेत्रों के बीच निरंतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध पारंपरिक सीमाओं का सम्मान नहीं करता। सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि हम अपनी थल, जल, वायु, साइबर और अंतरिक्ष सेनाओं को कितनी दक्षता से एक साथ ला पाते हैं। यह इस पर भी निर्भर करेगा कि हमारी प्रयोगशालाएं, उद्योग, स्टार्टअप, नीति निर्माता और सैन्य संस्थान कितनी निकटता से मिलकर काम करते हैं। रक्षा तैयारियों में तेजी से नवाचार पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्धों में वही देश आगे रहेंगे, जो विचारों को तेजी से परिचालन क्षमता में बदल सकें।

# आंधी-तूफान से हुई 104 मौतों पर अखिलेश ने जताया दुख

**लखनऊ, वार्ता**

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश में आए भीषण आंधी-तूफान से हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भदोही, फतेहपुर, सोनभद्र, बदायूं समेत प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी और तूफान के कारण 104 लोगों की मौत हो गई, जबकि घर, पेड़ और दीवारें गिरने से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं।

सपा अध्यक्ष ने सरकार से मांग की कि राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाया जाए। उन्होंने कहा कि घायलों के लिए बेहतर और मुफ्त इलाज की तत्काल व्यवस्था की जाए तथा प्रभावित इलाकों में शीघ्र खाना-पानी उपलब्ध कराया जाए। साथ ही जिन लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं,



उनके लिए अस्थाई रहने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की। यादव ने कहा कि मृतकों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया जाए और आपदा में हुए जानमाल, फसल तथा वाहनों के नुकसान का जल्द आकलन कर प्रभावित परिवारों को बीमा राशि और उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने सपा के कार्यकर्ताओं से भी अपील की कि जो लोग इस आपदा से अप्रभावित हैं, वे पीड़ित परिवारों की हरसंभव सहायता के लिए आगे आएं। सपा प्रमुख ने मृतकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# दिल्ली में फिर चलती बस में दुष्कर्म समाज के लिए कलंकः आप

**नई दिल्ली, वार्ता**

आम आदमी पार्टी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में दिल्ली की सड़कों पर चलती बस के अंदर एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म ने एक बार फिर निर्भया कांड की यादें ताजा कर दी। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को एक्स पर कहा कि दिल्ली में एक बार फिर चलती बस में दुष्कर्म हुआ। हमने निर्भया से कुछ नहीं सीखा। यह हादसा पूरे समाज के लिए कलंक है।

आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि दिल्ली में निर्भया कांड दोहराया गया है। 30 साल की एक महिला को रात में बस में समय पूछने के बहाने अगवा कर लिया गया और इसके बाद चलती बस में करीब दो घंटे



**निर्भया कांड की यादें ताजा हुई, केजरीवाल और सौरभ ने उठाए सवाल**

तक कई लोगों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। यह बस दिल्ली के रानी बाग इलाके में सात किमी तक घूमती रही। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस से और क्या उम्मीद की जा सकती है, जिसके मुखिया उपराज्यपाल चाहते हैं कि दिल्लीवासी उनकी रील देखें, जिनमें वे छोले-भटूरे और जलेबी खा रहे हैं। श्री भारद्वाज ने कहा कि चलती बस में ड्राइवर और कंडक्टर ने महिला का सामूहिक दुष्कर्म किया। यह जानकारी दिल्ली पुलिस ने मीडिया को देर से क्यों दी। इसके पीछे क्या कारण था? क्या पुलिस दुष्कर्म की घटना को दबाना चाहती थी? क्या पुलिस पीध्ति पर दबाव बनाना चाहती थी, मामले को दबाने की कोशिश कर रही थी या फिर आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद मीडिया को बताना चाहती थी कि ऐसा हुआ था, मगर पुलिस ने उसे पकघ लिया है। उन्होंने कहा कि पूरी सरकार रील्स पर चलती है। हमारी आपत्ति रील्स बनाने पर नहीं है, बल्कि उन्हें अपने हिंसाब से एडिट और पेश करने पर है। दिल्लीवाले सरकार के ऑडियंस नहीं हैं, लेकिन आज भाजपा ने दिल्ली के नागरिकों और मतदाताओं को महज एक ऑडियंस बना दिया है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75398.72
निफ्टी 23689.60

सोना 152887 प्रति 10 ग्राम
चांदी 257055 प्रति किलो

# शेयर बाजारों में तेजी जारी, प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत चढ़े

**मुंबई, वार्ता**

बैंकिंग, धातु और फार्मा सेक्टरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी देखी गई और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का संसेक्स 789.74 अंक (1.06 प्रतिशत) चढ़कर 75,398.72 अंक पर पहुंच गया। यह लगातार दूसरा दिन है, जब बाजार में तेजी रही है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 277 अंक यानी 1.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,689.60 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.17 प्रतिशत चढ़ा, जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.01 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली रही। निफ्टी आईटी सूचकांक 1.99 प्रतिशत गिर गया। धातु, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक दो से तीन प्रतिशत तक ऊपर रहे। बैंकिंग, वित्त, रसायन, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया समूहों की कंपनियों में भी निवेशकों ने



अच्छा पैसा लगाया। सेंसेक्स में भारती एयरटेल का शेयर सबसे अधिक सवा पांच फीसदी से ज्यादा की बढ़त में रहा। कंपनी के अच्छे तिमाही परिणाम के बाद यह तेजी देखी गई। इटरनल का शेयर सवा तीन प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक का ढाई फीसदी और अडानी पोर्ट्स का दो प्रतिशत से अधिक की बढ़त में रहा। महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट और आईटीसी के शेयर एक से दो प्रतिशत तक चढ़े। भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआई सीआई बैंक, टाटा स्टील, एलएंडटी, इंडिगो और बजाज फिनसर्व के शेयर भी हरे निशान में रहे।

**यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 4.37 लाख के रिकॉर्ड स्तर पर**

**नई दिल्ली।** वाहनों की मांग में पिछले साल सितम्बर के बाद से जारी तेजी इस साल अप्रैल में भी बरकरार रही और घरेलू बाजार में यात्री वाहनों तथा तिपहिया वाहनों की रिकॉर्ड थोक बिक्री दर्ज की गई। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहनों की बिक्री, जिनमें कार, उपयोगी वाहन और वैन शामिल होते हैं, अप्रैल में सालाना आधार पर 25.4 प्रतिशत बढ़कर 4,37,312 इकाई पर पहुंच गई। पिछले साल अप्रैल में देश में 3,48,847 यात्री वाहन बिके थे। तिपहिया की बिक्री में 32.8 प्रतिशत का उछाल आया और यह 65,668 इकाई के नए मासिक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

# गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में नरमी दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल का औसत भाव स्थिर रहा। चावल के साथ चीनी की कीमतों में भी टिकाव रहा। गेहूं महंगा हुआ, जबकि खाद्य तेलों में गिरावट का रुख रहा। दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,859 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही।

गेहूं चार रुपये महंगा हुआ और 2,786 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटे में भी टिकाव देखा गया। दाल-दलहनों में उड़द दाल की औसत कीमत 31 रुपये और तुअर दाल की 26 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल 14



रुपये और मसूर दाल 13 रुपये सस्ती हुई। चना दाल की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 42 रिंगिट टूटकर 4,396 रिंगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73.31 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 107 रुपये और वनस्पति की 46 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। पाम ऑयल 27 रुपये और सरसों तेल 18 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 17 रुपये और सोया तेल नौ रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया।

मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी की कीमत गत दिवस से स्तर पर ही पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहनः दाल चना 7666.92 रुपये, मसूर काली 8094.74 रुपये, मूंग दाल 10172.90 रुपये, उड़द दाल 10824.16 रुपये, तुअर दाल 11243.65 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**16 राज्यों...** पूरा देश इसमें कवर हो जाएगा। आयोग के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मतदाता सूची के कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी, जिसमें बर्फ से ढके क्षेत्रों में मौसम की स्थिति को ध्यान में रखा जाएगा। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाता सूची के तीसरे चरण में दिल्ली को शामिल किया जाएगा, जहां 7 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। विशेष गहन पुनरीक्षण के तीसरे चरण में 16 राज्य आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, झारखंड, महाराष्ट्र, मिजोरम, मणिपुर, मेघालय, कर्नाटक, तेलंगाना, सिक्किम, नागालैंड और त्रिपुरा और तीन केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली, चंडीगढ़, दादर नगर हवेली और दमन-दीव शामिल होंगे। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण- एसआईआर का दूसरा चरण नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में 4 नवम्बर 2025 से किया गया था। इस चरण में छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एसआईआर किया गया। इनमें से चुनावी राज्य तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल शामिल थे। जबकि एसआईआर के पहले चरण में सिर्फ बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया था।

**दिल्ली में...** से समय पूछा, तो आरोपियों ने जवाब देने के बजाय उसे जबरदस्ती बस के अंदर खींच लिया। पीड़िता के अनुसार, जैसे ही उसे बस में घसीटा गया, आरोपियों ने दरवाजा बंद कर दिया और चालक को बस चलाने का निर्देश दिया। चलती बस के अंदर, दो लोगों ने उसके साथ बार-बार बलात्कार किया। यह त्रासद घटना लगभग 7 किलोमीटर तक नांगलोई मेट्रो स्टेशन तक जारी रही। लगभग दो घंटे तक यौन उत्पीड़न करने के बाद, आरोपियों ने उसे खून से लथपथ हालत में रात करीब 2 बजे सड़क पर फेंक दिया और फरार हो गए। हमले के तुरंत बाद पीड़िता ने पुलिस को फोन किया। पहली कॉल नांगलोई पुलिस स्टेशन को गई, लेकिन चूंकि अपराध स्थल रानी बाग पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आता था, इसलिए मामला स्थानांतरित कर दिया गया। एक महिला सब-इंस्पेक्टर पीड़िता को बाबासाहेब अंबेडकर अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सा जांच में सामूहिक बलात्कार की पुष्टि हुई। डाक्टरों ने पीड़िता की गंभीर हालत को देखते हुए उसे अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी, लेकिन उसने इन्कार कर दिया। उसने बताया कि उसके पति को टीबी है और वे घर पर ही रहते हैं। दंपति की तीन बेटियां हैं, जिनकी उम्र 8, 6 और 4 साल है। अस्पताल में भर्ती होने पर बच्चों का पेट कौन भरेगा, इस चिंता में उसने गंभीर चोटों के बावजूद घर पर ही इलाज कराने का विकल्प चुना। पुलिस ने बिहार रजिस्ट्रेशन नंबर वाली बस को जब्त कर लिया है। बस मालिक से संपर्क कर लिया गया है और चालक के साथ-साथ दो मुख्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है। बस के रूट और आरोपियों की गतिविधियों का पता लगाने के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज की भी समीक्षा की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि बस के अंदर पर्दे लगे हुए थे, जिससे बाहर से कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। बस के अंदर से सबूत इकट्ठा करने के लिए एक फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। बस को जब्त कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# होसबले के पाक से बातचीत संबंधी बयान का किया स्वागत

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले के पाकिस्तान के साथ बातचीत करने वाले बयान का स्वागत किया है।

अब्दुल्ला ने कहा कि यह इस बढ़ती हुई समझ को दर्शाता है कि अब युद्ध कोई विकल्प नहीं रहा। गौरतलब है कि होसबले ने हाल ही में कहा था कि भारत को सीमा पार आतंकवाद का कड़ाई से जवाब देना चाहिए, लेकिन साथ ही पाकिस्तान के साथ बातचीत के दरवाजे भी खुले रखने चाहिए। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ा कदम है। होसबले ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत होनी चाहिए और आज



**नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला बोले- युद्ध कोई विकल्प नहीं है**

पूर्व सेना प्रमुख ने भी उनके बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि अब कोई यह सोच रहा है कि युद्ध कोई विकल्प नहीं है। यह बातचीत का मामला है और बातचीत के जरिए ही हमें अपनी समस्याओं का हल निकालना चाहिए। अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के दूसरे ऐसे बड़े राजनीतिक नेता बन गए हैं, जिन्होंने पाकिस्तान के साथ बातचीत की वकालत करने वाले होसबले के बयान का स्वागत किया है। इससे पहले पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर में स्थाई शांति के लिए दोनों देशों के बीच लगातार संपर्क जरूरी है। होसबले की इस टिप्पणी ने वर्षों से चले आ रहे तनावपूर्ण संबंधों, सीमा पर तनाव और औपचारिक द्विपक्षीय बातचीत के निलंबन के बाद भारत-पाकिस्तान संबंधों को लेकर राजनीतिक और रणनीतिक हलकों में एक नई बहस छेड़ दी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अब्दुल्ला ने उम्मीद जताई है कि आज दिल्ली में शुरू हो रही ब्रिक्स की बैठक पश्चिम एशिया में शांति को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि ब्रिक्स की बैठक हो रही है और हमें उम्मीद है कि पश्चिम एशिया में शांति होगी। मुझे उम्मीद है कि ब्रिक्स भी इस पर दबाव डालेगा।ष बड़ी ताकतों से जुड़े चल रहे कूटनीतिक प्रयासों का जक्रि करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चीन में हैं। मुझे यकीन है कि चीन भी अपनी भूमिका निभाएगा, ताकि शांति बनी रहे। जब उनसे प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों के काफिले के आकार में की गई कटौती के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा कदम है। उन्होंने कहा, ष्मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा है और इससे पता चलता है कि हमारे पास ईंधन की कमी है और जाहिर है, जब कमी है तो हमें उसे पूरा करना होगा। मुझे यकीन है कि हर कोई अपने काफिले का आकार कम करेगा।

**बाइस साल में 54 बार विदेश यात्रा पर गए राहुल: भाजपा**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने और वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है तथा सवाल किया है कि उनके विदेश दौरे का खर्च कौन उठाता है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद संबित पात्रा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी के विदेश दौरे का ब्योरा दिया और कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहते हुए गांधी पिछले 22 वर्ष में 54 बार विदेश यात्रा पर गए और इन दौर पर 64 करोड़ रुपये से अधिक खर्च आया, जो एक बड़ी जांच का विषय है। उन्होंने बताया कि गांधी ने जिन देशों के दौरे किए, उनमें इटली, ब्रिटेन, अमेरिका, जर्मनी, वियतनाम, कंबोडिया, सिगापुर, बहरीन, मालदीव, कतर, संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश शामिल है।

# प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी से भाजपाइयों में रोष

## सपा सांसद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पहुंचे कलेक्ट्रेट, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति समाजवादी पार्टी के एक सांसद द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी मेरठ महानगर एवं जिला मेरठ द्वारा गुरुवार को विरोध प्रदर्शन एवं पैदल मार्च आयोजित किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

विरोध मार्च का नेतृत्व जिला मेरठ महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी एवं भाजपा जिला हरवीर पाल द्वारा किया गया। दोनों नेताओं ने पूरे पैदल मार्च की व्यवस्था संभालते हुए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। चौधरी चरण सिंह पार्क कचहरी से प्रारंभ हुए इस विरोध प्रदर्शन में सबसे आगे महिलाओं ने हाथों में बैनर एवं तख्तियां लेकर मार्च का नेतृत्व किया, जबकि उनके पीछे बड़ी संख्या में पुरुष कार्यकर्ता चल रहे थे।



प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव शर्म करो, शर्म करो, प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, सपा सांसद माफी मांगो, माफी माँगो, जैसे जोरदार नारे लगाए। कार्यकर्ताओं के हाथों में विभिन्न तख्तियां एवं बैनर थे, जिन पर प्रधानमंत्री के सम्मान में तथा सपा सांसद के विरोध में नारे लिखे हुए थे। पूरे मार्ग में भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने योग्य था। प्रदर्शनकारी चौधरी चरण सिंह पार्क कचहरी पर एकत्रित होने के बाद नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा गया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री का अपमान किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। विपक्ष लगातार राजनीतिक दुर्भावना के चलते देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने का कार्य कर रहा है, जिसे भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगा। गुरुवार के इस विरोध प्रदर्शन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी, जिला मेरठ महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, जिला अध्यक्ष हरवीर पाल, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र भारद्वाज, पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनीत अग्रवाल शारदा, कमल दत्त शर्मा, महामंत्री नरेंद्र उपाध्याय, विनय शर्मा पराशर, रवीश अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि दीपक गुप्ता, विवेक बाजपेयी, ललित नागदेव, सीमा श्रीवास्तव, राहुल गुप्ता, राखी त्यागी, बीना वाधवा, अंजू वारियर, मीनाक्षी भराला, पूजा बंसल, डोली गुप्ता, सुनीता सैनी एवं मीडिया प्रभारी अमित शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणक/शिक्षामित्र को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

## शत-प्रतिशत स्व-गणना कार्य पूर्ण करने पर प्रशस्ति-पत्र एवं शॉल देकर बढ़ाया उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने जनगणना कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने वाले प्रगणक/शिक्षामित्र सुबोध कुमार को प्रशस्ति-पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सुबोध कुमार प्राथमिक विद्यालय सलाहपुर, विकास क्षेत्र रोहटा में कार्यरत हैं तथा उन्होंने अपने जनगणना ब्लॉक संख्या 184 में 100 प्रतिशत स्व-जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कराया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उनके कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में समयबद्ध, जिम्मेदारी एवं पूर्ण दायित्व निर्वहन अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सुबोध कुमार का कार्य अन्य प्रगणकों के लिए प्रेरणास्रोत है तथा इससे जनगणना कार्य को गति मिलेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सुबोध कुमार अन्य प्रगणकों को भी जनगणना कार्य शीघ्र



पूर्ण करने हेतु प्रेरित करें तथा आवश्यक सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रगणक को जनगणना कार्य के संबंध में किसी प्रकार की सहायता या मार्गदर्शन की आवश्यकता हो, तो वे उनसे मोबाइल नंबर 8006697623 पर संपर्क कर सकते हैं। जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने एवं शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले अन्य प्रगणकों को भी इसी प्रकार सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, सीडीओ नूपुर गोयल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सूर्यकांत त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी अनुपस्थित रहे।

### काजी शादाब ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की नवनियुक्त सदस्या एस मुनव्वरी बेगम से की मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य काजी शादाब के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार की नवनियुक्त सदस्या एस मुनव्वरी बेगम से नई दिल्ली स्थित आयोग के कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की और बुके देकर तथा पटका पहनाकर उनका सम्मान किया।

इस मौके पर काजी शादाब ने आयोग की सदस्या को अवगत कराया कि मेरठ के खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मीट विक्रेताओं के लाइसेंस न बनाए जाने के कारण पुलिस प्रशासन उनको परेशान करता है। मेरठ नगर निगम द्वारा स्लॉटर हाउस का संचालन न किए जाने के कारण प्राइवेट फैक्ट्री से मीट की सप्लाई शहर में होती है जिससे महंगा मीट लोगों को खरीदना पड़ रहा है तथा उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा नए मदरसों को मान्यता न दिए जाने और राज्यनुदानित मदरसों में शिक्षक भर्ती न किए जाने के बारे में भी अवगत कराया। इस पर आयोग की सदस्या ने मेरठ जिला प्रशासन तथा उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की रजिस्ट्रार से बात कर सभी समस्याओं का समाधान कराये जाने का आश्वासन दिया स इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता फिरोज हबीब अंसारी शाहनवाज खान, मो. दानिश, मुख्तार आलम, अजहर खान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# डी मोनफोर अकादमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम में किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** सीबीएसई द्वारा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें डीमोनफोर अकादमी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा तथा विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में शानदार अंक प्राप्त किये।

स्कूल के संचालक डॉक्टर समीर वर्मा ने भाई नाम की घोषणा करते हुए बताया कि विद्यालय की छात्रा कनिष्का चौधरी ने ह्यूमैनिटीज वर्ग में 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया है। वहीं भाविका ने पीसीबी वर्ग में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। प्रियांशी ने पीसीएम वर्ग में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की। इस अवसर पर स्कूल के संचालक डॉक्टर समीर वर्मा ने कहा कि विशेष गर्व की बात यह रही कि रामराज क्षेत्र में लगातार पांचवीं बार डीमोनफोर अकादमी



Kanishka (98.8%) | Bhavika (90%) | Priyanshi (88%)

का विद्यार्थी क्षेत्र का टॉपर बना है। विद्यालय की इस निरंतर सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है।

सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है। विद्यालय की निदेशिका डॉ. गरिमा वर्मा ने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह परिणाम उसी का प्रमाण है। विद्यालय के निदेशक डॉ. के.के. शर्मा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी हैं।विद्यालय की उपप्रधानाचार्या ऋतु चिकारा ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय परिवार को अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व है।

# पुरानी रंजिश के चलते गाड़ी में की तोड़फोड़, वीडियो वायरल

**पीड़ित ने गांव के ही कुछ युवकों पर लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला करने का लगाया आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर पावटी में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों द्वारा घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के ही कुछ युवकों पर लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर कार को क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित के अनुसार वह मेकैनिक का कार्य करता है। आरोप है कि बुधवार 13 मई 2026 की सुबह करीब 8:10 बजे गांव के ही विष्णु पुत्र कमल सिंह, सौरभ पुत्र गोकी, प्रीत पुत्र सुरेंद्र तथा उनके साथियों ने घर के बाहर आकर गाली-गलौज और धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि उस समय मामला शांत हो गया था, लेकिन रात करीब 10:30 बजे उक्त आरोपी दोबारा अपने तीन-चार अन्य साथियों के साथ उसके घर के बाहर पहुंचे। आरोप है कि सभी आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी उसकी वैगनआर कार संख्या UP15 RD 0233 पर लाठी-डंडों, ईंटों और अन्य भारी वस्तुओं से हमला कर दिया। इस दौरान कार के शीशे और बॉडी को नुकसान पहुंचाया गया, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। और उसकी वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गई जिसमें आरोपी गाड़ी को तोड़ रहे हैं। घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए थाने में तहरीर दी है वहीं थाना प्रभारी गौरव बिश्नोई ने बताया कि मामला संज्ञान में जांच पड़ताल की जा रही है जल्दी आरोपी पकड़े जाएंगे।

# डीपीएम पब्लिक स्कूल कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा बुधवार को इंटरमीडिएट का घोषित परिणाम में डीपीएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार एवं अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। विद्यालय ने पूरे क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस वर्ष विद्यालय का परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। जिसमें अधिकांश विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए और कई विद्यार्थियों ने अच्छे अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम पूरे मेरठ क्षेत्र में रोशन किया है। विज्ञान संकाय में विद्यालय का डीपीएम पब्लिक स्कूल का घोषित परिणाम की जानकारी देते हुए सचिव जगदीश त्यागी ने बताया कि सरण्या सिंह 92.60 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, देव चौधरी 89.04 प्रतिशत दांत प्रकार द्वितीय स्थान, रिया सोलंकी 87.60 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान जबकि वाणिज्य संकाय में सिम्बुल 85.02 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, आस्था सिरोही 82.02 प्रतिशत अंक




पकड़ द्वितीय स्थान, अंश 80. प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सचिव जगदीश त्यागी ने इस ऐतिहासिक सफलता पर पूरे विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। प्रधानाचार्य जिया जैदी ने कहा कि शिक्षकों की मेहनत व समर्पण अत्यंत सराहनीय रहा है। छात्र-छात्राएं अच्छे अंक प्राप्त कर अपने स्कूल का नहीं बल्कि अपने क्षेत्र जिले का नाम रोशन किया है।

### 16 मई को होगी जिला सैनिक बंधु की मासिक बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि पूर्व सैनिकों एवं शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक बन्धु की मई 2026 की मासिक बैठक जिलाधिकारी, की अध्यक्षता में 16 मई को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभागार मेरठ में आयोजित की जायेगी। उन्होंने जिला सैनिक परिषद कार्यकारिणी मेरठ व जिला सैनिक बन्धु मेरठ के पदेन व गैर सरकारी सदस्यों से उक्त बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने जनपद मेरठ के पूर्व सैनिकों/शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों को सूचित किया है कि अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु 15 मई तक अपना प्रार्थना-पत्र कार्यालय की मेल पर या कार्यालय में हस्तगत करा दे। उन्हीं भूतपूर्व सैनिक को बैठक में प्रवेश दिया जायेगा, जिनकी अपनी व्यक्तिगत समस्या है। यह भी अवगत कराना है कि 16 मई को कार्यालय में पब्लिक डिलिंग नही की जायेगी, केवल बैठक से सम्बन्धित प्रार्थना-पत्र पर ही विचार किया जायेगा।

# 16 मई को मेरठ में संजय सिंह करेंगे विशाल जनसभा

## मेरठ से गाजियाबाद तक आप निकालेगी 'रोजगार दो-सामाजिक न्याय दो' पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में 16 मई से 20 मई तक मेरठ से गाजियाबाद तक आयोजित होने वाली पांचवें चरण की 'रोजगार दो-सामाजिक न्याय दो पदयात्रा' को लेकर गुरुवार को मेरठ के जिमखाना मैदान के सामने स्थित अपार चैंबर में प्रेस वार्ता एवं तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आम आदमी पार्टी दिल्ली के विधायक सुरेंद्र चौधरी, आप यूपी के पश्चिम प्रांत अध्यक्ष सोमेंद्र ढाका और मेरठ जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी ने भाजपा सरकार पर बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर जनता को धोखा देने का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि यह पदयात्रा केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि रोजगार, समान अवसर, संवैधानिक अधिकार और सामाजिक न्याय की निर्णायक लड़ाई है, जिसमें युवाओं, किसानों, मजदूरों, दलितों, पिछड़ों और वंचित समाज की आवाज को बुलंद किया जाएगा। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि अब तक पदयात्रा के चार चरण सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 16 मई को क्रांति की धरती मेरठ के कमिश्नरी पार्क में आप यूपी प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसके बाद उनके नेतृत्व में पदयात्रा की शुरुआत होगी।



प्रेसवार्ता में पदयात्रा की जानकारी देते आप कार्यकर्ता।

### भारतीय भाषा समर कैंप में बच्चों ने सीखी नई भाषाएं और रचनात्मक गतिविधियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** राजकीय मॉडल कन्या इंटर कॉलेज पिठलोकर में आयोजित भारतीय भाषा समर कैंप में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए विभिन्न शिक्षाप्रद गतिविधियों में हिस्सा लिया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को वर्णमाला, संख्याओं की पहचान, हस्ताक्षर करना तथा अलग-अलग भारतीय भाषाओं में अभिवादन करने का अभ्यास कराया गया। बुधवार को आयोजित इस विशेष समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा से जोड़ना और भाषाई ज्ञान को बढ़ावा देना रहा। कैंप में बच्चों ने समूह गतिविधियों, संवाद अभ्यास और रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से नई चीजें सीखीं। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक जावेद अख्तर के निर्देशन में किया गया। वहीं सहायक अध्यापक राधा सोम, सपना, वंदना एवं मास्टर इस्माइल ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से भाषा और संस्कृति से जुड़ी जानकारियां दीं। विद्यालय परिवार ने बताया कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और भाषाई विकास को मजबूत बनाने में सहायक साबित होते हैं।

# तीन वर्ष के संघर्ष के बाद लोक अदालत ने एनएच-119 के किसानों को दिलाया मुआवजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** बहसूमा नगर व क्षेत्र के किसानों के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। पिछले 3 वर्षों से एनएच-119 मेरठ बिजनौर हाईवे के मुआवजे की विसंगतियों को लेकर चल रहा किसानों का लंबा और कठिन संघर्ष विजय के साथ संपन्न हो गया। बुधवार को नगर के चौधरी चरण सिंह धर्मशाला में आयोजित 'विजय मिलन एवं प्रेस वार्ता' के दौरान किसान प्रतिनिधियों ने ऐतिहासिक जीत को साझा किया। किसान प्रतिनिधि कपिल चहल ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस लड़ाई को निर्णायक मोड़ तक पहुँचाने में हमारे जन-प्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने किसान प्रतिनिधिमंडल की पीड़ा को समझा और स्वयं पहल कर हमें मुख्यमंत्री से मिलवाया। उन्होंने कहा कि बिजनौर सांसद चंदन चौहान बागपत सांसद राजकुमार सांगवान ने दिल्ली स्तर पर पैरवी करते हुए किसानों की भेंट एनएचएआई चेयरमैन संतोष यादव से कराई, और तकनीकी बाधाएं दूर हुई। सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान जी ने किसानों के पक्ष को मजबूती देने के लिए एनएचएआई कमेटी के एडमिन मेंबर विशाल चौहान से मुलाकात कराई। जिससे मुआवजे की दरों पर सहमति का मार्ग प्रशस्त हुआ।



### संघर्ष बना देश के लिए मिसाल

कपिल चहल ने कहा कि तीन वर्षों के मानसिक और शारीरिक कष्ट के बाद, लोक अदालत के माध्यम से प्रशासन और एनएचएआई के बीच 540 और 840 प्रति वर्गमीटर की दर पर सहमति बनी है। यह जीत सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर लड़ने वाले हर किसान की है। शांतिपूर्ण आयोजन और उत्सव विजय मिलन कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में पहुंचे किसानों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी साझा की। कपिल चहल ने सभी किसान से अपील की कि जिस अनुशासित तरीके से उन्होंने तीन साल तक संघर्ष किया उसी गरिमा के साथ इस जीत का उत्सव मनाये। इस अवसर पर किसान प्रतिनिधि कमेटी के सदस्य कैप्टन सुभाषचंद, नरेंद्र सिंह, पूर्व चेयरमैन विनोद चाहल, सुरेंद्र सिंह राणा, जयवीर अहलावत, सत्यवीर अहलावत, दिनेश कुमार, प्रवेश जैनर, राहुल देशवाल, पिंटू देशवाल, प्रवेश अहलावत, सुमित अग्रवाल, जयबीर अहलावत, प्रधान केपी सिंह, पिंटू देशवाल, प्रवेश अहलावत, सहित चारों गांव राजूपुर, फतेहपुर हंसापुर, मोड कलां, मौहम्मदपुर शाकिस्त के सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

### बकरीद पर भाईचारे और साफ-सफाई का संदेश, जमीयत ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर जमीयत उलेमा-ए-हिंद तहसील सरधना की ओर से गुरुवार को एसडीएम उदित नारायण सेंगर को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के सदर मौलाना जुनैद कासमी ने प्रशासन से बकरीद के मौके पर सफ़-सफ़ाई, बिजली, पेयजल और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि अनुमति प्राप्त जानवरों के लाने-ले जाने में किसी प्रकार की अनावश्यक रोकटोक न हो, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। प्रतिनिधिमंडल में मौलाना मेराज कासमी, मौलाना मुदस्सिर, मुफ्ती जावेद, मौलाना फुरकान, अशरफ राणा, हाजी शहजाद, सलीम कुरैशी और नदीम अंसारी मौजूद रहे। मौलाना जुनैद कासमी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी खुले स्थानों और सार्वजनिक रास्तों पर न करें तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुर्बानी के वीडियो अपलोड न करने की भी सलाह दी। साथ ही जरूरतमंदों तक कुर्बानी का गोश्त पहुंचाने और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई।

# सपा सांसद अजेंद्र लोधी व अखिलेश यादव का फूंका पुतला

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** समाजवादी पार्टी के हमीरपुर-महोबा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई कथित आपत्ति. जनक टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट स्थित लोकमंच पर जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी एवं सपा प्रमुख अखिलेश यादव का पुतला दहन किया।

भाजपा कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, अखिलेश यादव शर्म करो, सपा सांसद माफी मांगो जैसे नारों से कलेक्ट्रेट गूंज उठा। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी अमर्यादित भाषा का प्रयोग अनुचित है और इसे किसी भी कीमत पर






स्वीकार नहीं किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 140 करोड़ देशवासियों की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करना पूरे देश का अपमान है। उन्होंने कहा इस कृत्य को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी रोष है। समा. जवादी पार्टी के नेताओं द्वारा लगातार गंदी हरकतें की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में महिलाएं और प्रदेश की जनता इसका जोरदार जवाब देगी। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री सरिता चौधरी, जिला उपाध्यक्ष लता सिसोदिया, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मंजीत कौर, मिथलेश राजपूत, ममता प्रजा. पति, नितू सौलकीं, विशाखा, प्रियंका आर्य, जिला उपाध्यक्ष संजीव राठी, कुलदीप भारद्वाज, अनिल तोमर, श्यामसुंदर गर्ग, शिवेंदुदत्त शर्मा, विनोद बाल्मीकि, जिला महामंत्री अमित चौधरी, अजय शर्मा, जिला मंत्री योगेश गुर्जर, कर्मवीर चौधरी, नितिन जैन, चिराग जैन, जिला सह मीडिया प्रभारी अमित उपाध्याय, अंकुश जैन, डा.सतेन्द्र प्रजापति, आईटी संयोजक सन्नी गुप्ता, राजीव तोमर, रविन्द्र आर्य, मंडल अध्यक्ष डा. मनीष कुशवाहा, संदीप प्रजापति, प्रभात तोमर, दिनेश प्रधान, सुनील तोमर, सतेन्द्र मौर्य, नवीन प्रधान, विकास शर्मा, सत्यबीर बड़का, बसंत, वरूण उपाध्याय, राजगोपाल कश्यप, सुनील, दिपक, आवेश , सचिन राणा, अशोक कुमार आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसानों ने बडौत तहसील में प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जिवाना गुलियान गांव के किसानों ने तहसील में पहुंचकर बृहस्पतिवार को प्रदर्शन करते हुए एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन देकर गांव से आवारा को गोवंशौ पशुओं को पकड़वाकर गौशाला में भेजने की मांग की। किसानों का कहना है कि कई बार अवगत भी कर जा चुका है मगर अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया। किसानों ने बताया कि अगर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जल्दी तहसील परिसर में धरना दिया जाएगा। किसानों ने एसडीएम भावना सिंह से आवारा पशुओं को बिजवाडा गौशाला में भेजने की मांग की। किसानों ने आज किसान नेताहरेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में सुनील कुमार संजीव कुमार राजेंद्र सिंह ओमपाल सिंह अंकुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी दे रहे खेलो को प्राथमिकता:गठीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दाहा।** बागपत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रो में परिवहन व्यवस्था सुचारू रूप से हो। ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था की स्थिति ज्यादा अच्छी नही है।

गुरुवार को पुसार में प्रेसवार्ता करते हुए राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव सुखवीर सिंह गठीना ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय राज्य मंत्री शिक्षा और खेलो को प्राथमिकता दे रहे है। जयन्त चौधरी के निर्देशन में छपरौली विधायक डा.अजयकुमार ने चौगामा की नहरो पर जनहित में खडन्जे लगवाकर जनहित का कार्य किया है। अब चौगामा की नहरो में पानी आना क्षेत्र हित में अति आवश्यक है। कॉलिज और स्कूलों में रिक्त पड़े पदो को तत्काल भर्ती करके शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया जाये। मेरठ से हर्रा



तक जो सिटी बसे चल रही है उन्हे बरनावा तक किया जाये। बिनौली से पुरामहादेव बालैनी और बिनौली से टटीरी बागपत तक बसो को शुरू किया जाये। छपरौली टाडा से वाया किशन पुर बिराल पुसार और वरतावा तक बसो का संचालन किया जाये। बिनौली से बुढ़ाना वाया शाहपुर वाणगंगा खपराना नगवा कुटी से मिनी बसो का संच. ालन हो और ग्रामीण क्षेत्रो में भी बसो का संचालन परिवहन विभाग द्वारा किया जाये। निजी मिलो के द्वारा जनपद के किसानो का गन्ना भुगतान नही हो रहा है। सुखवीर सिह गठीना ने प्रधानमंत्री की डीजल पैट्रोल की खपत को कम करने की अपील की। सराहना की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जयन्त चौधरी के नेतृत्व में जनपद में सांसद और विधायक विकास कार्य करा रहे है। क्षेत्र का विकास तेजी से हो रहा है। इस अवसर पर योगेन्द्र सौलंकी राजू तोमर सिर. सली रब्बान करतार सिंह उपस्थित रहे।

# किसानों को कम पानी और ज्यादा मुनाफे वाली फसलों के उत्पादन के लिए कर रही तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलेज में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गन्ना बेल्ट में अब खेती की तस्वीर बदलती नजर आ रही है। बागपत प्रशासन किसानों को कम पानी और ज्यादा मुनाफे वाली फसलों के उत्पादन के लिए तैयार कर रही है। इसी कड़ी में जिले में चिया सीड्स की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसके शुरुआती नतीजे उत्साहजनक बताए जा रहे हैं।

गुरुवार को जलवायु परिवर्तन और कृषि पर आयोजित क्षेत्रीय संवाद कार्यक्रम में डीएम अस्मिता लाल ने कहा कि किसानों को चिया की खेती के लिए बाहरी कृषि विशेषज्ञों से प्रशिक्षण दिलाया गया है। प्रशासन ने किसानों के लिए बाजार से जुड़ी फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज व्यवस्था भी तैयार की है, ताकि उन्हें फसल बेचने और खरी. दने में से दिक्कत न हो। डीएम ने कहा, जलवायु परिवर्तन एक चिंतनीय विषय है। हमें ऐसी टिकाऊ और जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा देना होगा जिससे किसानों की आय भी बढ़े। इस दौरान उन्होंने टिकाऊ खेती में योगदान देनेवाले कई प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया। परंपरागत रूप से गन्ना उत्पादन के लिए पहचाने जाने वाले बागपत में अब कई किसान गन्ने के साथ इंटरक्रॉपिंग के जरिए चिया उगा रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक चिया की फसल में पानी कम लगता है, ओलावृष्टि और खराब मौसम का असर भी कम पड़ता है। खास बात यह है कि नीलगाय भी इस फसल को नुकसान नहीं पहुंचाती है, जिससे किसानों का नुकसान कम हुआ है। जनता वैदिक पीजी कॉलेज में आई क्यू ए सी के संयुक्त



तत्वावधान आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों, एफपीओ, कृषि विशेषज्ञों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सस्टेनेबिलिटी मैटर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डा. नवनीत आनंद ने कहा कि अनियमित बारिश, बढ़ता तापमान और भूजल संकट उत्तर प्रदेश की ख्र षि को लगातार प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन का खतरा आज भी उतना ही गंभीर है जितना पहले था। पैनल चर्चा के अध्यक्ष और जनता वैदिक कॉलेज के डीन (कृषि) प्रो. जी पी सिंह ने कहा कि सिंचाई दक्षता, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और मजबूत कृषि वैल्यू चेन पर अब ज्यादा काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नीति स्तर पर मजबूत प्रयासों के चलते उत्तर प्रदेश देश के कुल गन्ना उत्पादन में 54 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी के साथ अग्रणी राज्य बना है, लेकिन इस स्थिति को बनाए रखने के लिए जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों और उनके समाधान को समझना जरूरी है। कृभको के वरिष्ठ प्रबंधक वशिष्ठ कुमार नायक ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दौर में किसानों को बेहतर गुणवत्ता वाले बीज, संतुलित पोषण और वैज्ञानिक खेती की ओर बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में खेती को टिकाऊ और लाभकारी बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज, सही तकनीक और समय पर कृषि सलाह किसानों के लिए सबसे जरूरी है। जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव ने खेत तालाब योजना, ओडीओपी और कृषि अवसंरचना विकास जैसी योजनाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# इंस्पेक्टर रामकुमार कुंतल ने अपने क्षेत्र में साइकिल चलाकर आम लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की ईंधन खपत कम करने की अपील का असर अब सरकारी विभागों में भी दिखाई देने लगा है। इसी क्रम में इंस्पेक्टर रामकुमार कुंतल ने साइकिल से क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को ईंधन बचाने का संदेश दिया।

इंस्पेक्टर रामकुमार कुंतल ने अपने क्षेत्र में साइकिल चलाकर आम लोगों को जागरूक किया। कहा कि डीजल-पेट्रोल की बढ़ती खपत को कम करने के लिए सभी को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा ईंधन बचाने की अपील की गई है, जबकि मुख्यमंत्री ने (वर्क फ्रॉम होम) और ऑनलाइन बैठकों जैसी व्यवस्थाओं को बढ़ावा देकर ईंधन संरक्षण पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ईंधन बचाने की बात कर रहे हैं, तो हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि इस दिशा में योगदान दें। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में देशहित में एकजुट होकर काम करने की जरूरत है।

इंस्पेक्टर कुंतल ने बताया कि वह अपने स्टाफ को भी लगातार इस





मुहिम के प्रति जागरूक कर रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोग साइकिल और अन्य वैकल्पिक साधनों का उपयोग कर ईंधन की खपत कम करें और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

# पुलिस की नजर ओर होगी तेज, क्षेत्र में 30 नए सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पुलिस विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जल्द ही क्षेत्र में 30 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों से बाजारों, मुख्य सड़कों और चौराहों पर निगरानी व्यवस्था पहले से अधिक सख्त हो जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह योजना वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखने के उद्देश्य से तैयार की गई है। जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय के निर्देश पर खेकड़ा थाना पुलिस क्षेत्र के प्रमुख स्थानों का निरीक्षण करेगी। इसके बाद कैमरे लगाने के लिए उपयुक्त जगहों का चयन किया जाएगा। इन कैमरों को विशेष रूप से उन स्थानों पर स्थापित किया जाएगा जहां लोगों की आवाजाही अधिक रहती है या जहां चोरी और अन्य आपरा. धिक घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

पुलिस का मानना है कि सीसीटीवी कैमरों की मदद से नलकूप चोरी, दुकानों में चोरी, वाहन चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकेगी। इसके साथ ही, किसी भी घटना के बाद आरोपियों की पहचान करने और उनकी गति. विधियों का पता लगाने में भी पुलिस को आसानी होगी। बाजार क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर कैमरे लगने से आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आधु. निक तकनीक के इस्तेमाल से कानून व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है। भविष्य में भी सुरक्षा के ऐसे इंतजाम लगातार बढ़ाए जाएंगे ताकि क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनी रहे।

# अब शहर में ई-रिक्शा से घूमेगा शहर विधायक का काफिला

## शहर के सार्वजनिक कार्यक्रमों और विकास कार्यों का जायजा लेने के लिए लिया जाएगा ई-रिक्शाओं का सहारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर के सार्वजनिक कार्यक्रमों से लेकर विकास कार्यों के निरीक्षण तक, हर जगह शहर विधायक आकाश सक्सेना का काफिला अब ई-रिक्शा से नजर आएगा। न सिर्फ वह खुद ई-रिक्शा में सवार होंगे, बल्कि उनकी सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ और पुलिस के जवान भी इन्हीं ई-रिक्शा में चलेंगे। इसके लिए उन्होंने चार ई-रिक्शा खरीदी हैं। उन्होंने यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रेरित होकर किया है।

खाड़ी देशों में युद्ध के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति बाधित हुई है। युद्ध रूकने




के बाद भी हालात सामान्य नहीं हो सके हैं और फिर दोबारा कभी भी लंबा युद्ध छिड़ सकता है। ऐसे में संभव है कि वैश्विक बाजार में तेल के दाम और अधिक हो जाएं, जिसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। लिहाजा, हालातों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों देश की जनता से अपील करते हुए सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग करने औरा घर से ही कार्य करने की अपील की थी। ताकि, वैश्विक बाजार में बढ़ती तेल कीमतों का असर देश की अर्थव्यवस्था पर न पड़े और देश विप. रीत स्थितियों के बावजूद और तेजी से प्रगति कर सके। यही नहीं इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने काफिले से 50 प्रतिशत की कटौती करने की भी घोषणा कर दी है। इससे प्रभावित होकर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भी शहर के होने वाले सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों और विकास कार्यों के निरीक्षण व बैठकों में सम्मिलित होने के लिए ई-रिक्शा का प्रयोग करने का फैसला किया है।

# आंधी-तूफान का कहर: सोलर पंप के पैनल उड़कर क्षतिग्रस्त, किसान को भारी नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के गांव सद्दी. कनगर में बुधवार रात आए तेज आंधी-तूफान ने जमकर तबाही मचाई। तेज हवाओं के चलते गांव निवासी संजीव पुत्र लीलाचर साह के खेत पर लगा पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत स्थापित 5 एचपी सोलर पंप सिस्टम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।बताया जा रहा है कि आंधी इतनी तेज थी कि सोलर पंप के पैनल अपने स्थान से उड़ गए और टूटकर खेत में बिखर गए। घटना में सोलर सिस्टम को भारी नुकसान पहुंचा है। सुबह जब किसान खेत पर पहुंचा तो नुकसान देखकर उसके होश उड़ गए। पीड़ित किसान संजीव ने बताया कि सोलर पंप के जरिए वह सिंचाई का कार्य करता था और इससे खेती में काफी सहूलियत मिल रही थी।

# संग्रह अमीन के निधन पर वकील न्यायिक कार्य से विरत रहे

**मिलक।** तहसील में तैनात संग्रह अमीन हरीश गंगवार के सड़क हादसे में निधन पर बार एसोसिएशन ने शोक व्यक्त किया है। गुरूवार को बार एसोसिएशन मिलक में एक शोक सभा आयोजित की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गरुवार को सभी अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। बार एसोसिएशन ने सभी न्यायालयों से शोक संवेदना हेतु सहयोग की अपील की है। शोक सभा की अध्यक्षता सतीश चन्द्र गंगवार ने की, जबकि संचालन महासचिव रमेश चन्द्र गंगवार ने किया। इस दौरान अन्य सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में पति पत्नी गंभीर रूप से घायल, रेफर

**शाहबाद।** बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में क्षेत्र के ग्राम रायपुर निवासी 40 वर्षीय हसीन अली गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय उनकी पत्नी आसमा भी उनके साथ मौजूद थीं, जिन्हें भी चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार हसीन अली अपनी पत्नी के साथ किसी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और हादसा हो गया। दुर्घटना होते ही आसपास मौजूद लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई और दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हसीन अली की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया, जबकि उनकी पत्नी आसमा का उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने का आरोप पुलिस ने 6 लोगों पर किया मुकदमा दर्ज

**सैफनी।** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भजनपुर निवासी ने थाने में तहरीर देते हुए कहा की प्रार्थी का आरोप है कि प्रार्थी की नाबालिग पुत्री उम्र 16 वर्ष 9 मई को करीब लगभग 11 बजे दिन घर से बाहर कुछ सामान लेने के लिए गई थी जब प्रार्थी की पुत्री काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो प्रार्थी की पत्नी परवीन ने बाहर आकर देखा तो प्रार्थी की नाबालिग पुत्री को एहसान पुत्र रहीस बहला फुसलाकर भगाकर ले जा रहा था जब प्रार्थी की पत्नी परवीन व पुत्री निशा नाबालिग पुत्री के बारे में पता करने एहसान के घर गई तो वहां पर एहसान के भाई उस्मान, नईम, फहीम पुत्रगण रहीस माता आमना पत्नी रहीस ने गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि तुम्हारी लड़की को हमारा बेटा एहसान ले गया है और जो तुमसे हो सके कर लेना अगर ज्यादा पीछा किया तो हम तुम्हारी लड़की को जान से मार देंगे और घर से भगा दिया दिनांक 12 मई को एहसान के ममेरे भाई जाने आलम का प्रार्थी की पुत्री के पास फोन आया और समझौते का दबाव बनाते हुए कहने लगा कि तुम्हें तुम्हारी पुत्री नहीं मिलेगी उसका ज्यादा पीछा मत करो प्रार्थी अब तक अपनी इज्जत के खातिर पुत्री को वापस करने की गुहार लगाता रहा जिसकी तहरीर थाने में देकर पुत्री वापस दिलाने की मांग की है बही पुलिस ने तहरीर के आधार पर एहसान, उस्मान, नईम, फहीम, आमना व जाने आलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# हाफिज अहमद हसन शाह शेरी जमाली कादरी के 35वें सालाना उर्स का आगाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मोहल्ला पुराना गंज मंगल की पैठ स्थित हाफिज अहमद हसन शाह शेरी जमाली कादरी के 35वें सालाना उर्स मुबारक का गुरुवार को अकीदत और एहतराम के साथ आगाज हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कारी फय्याज अहमद खां शेरी जमाली ने कुरआन-ए-करीम की तिलावत से की, जबकि हाफिज मेराजुल हसन शेरी ने नात-ए-पाक और मनकबत पेश की।

महफिल को खिताब करते हुए हजरत मौलाना शाह खालिद खां साहब कादरी ने कहा कि हिन्दुस्तान औलियाए किराम और बुजुर्गाने दीन की सरजमीं है। उन्होंने कहा कि रामपुर की यह खुशनस.



ीबी है कि यहां बड़े-बड़े बुजुर्गों की खानकाहें मौजूद हैं, जिन्होंने इंसा. नियत, मोहब्बत और दीन की तालीम को फैलाया। उन्होंने लोगों से पांच वक्त की नमाज पढ़ने, गरीबों की मदद करने और अपने माता-पिता की खिदमत करने की अपील की। मौलाना ने कहा कि अल्लाह का जिक्र करने से दिलों को सुकून मिलता है और औलियाओं के आस्तानों से हमेशा रहमत बरसती रहती है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अलीबशर व उसकी पत्नि शब्बो से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। शकूर पुत्र छोटा निवासी ग्राम चांदनहेडी थाना छपरौली जनपद बागपत।

# अय्यूब सिद्दीकी प्रकरण में गरमाई राजनीति

## मकान पर हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को लेकर सपाइयों ने प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गांव अमीपुर नंगौला में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अय्यूब सिद्दीकी के मकान पर हुई ध्वस्तीकरण कार्रवाई को लेकर गुरुवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। बुलंदशहर रोड स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर बड़ी संख्या में जुटे सपाइयों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंकने का प्रयास भी किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक दिया, जिसको लेकर हल्की नोकझोंक भी हुई।

प्रदर्शन के दौरान सपा जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर ने प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि अमीपुर नंगौला में जिला उपाध्यक्ष अय्यूब सिद्दीकी के मकान पर की गई कार्रवाई पूरी तरह एकतरफा और दुर्भावनापूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यायालय से राहत मिलने के बावजूद प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर परिवार को बेघर कर दिया। उनका कहना था कि यह कार्रवाई राजनीतिक दबाव में की गई है, जिसे समाजवादी पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्टी



के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर चौहान ने कहा कि पूरे घटनाक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग पार्टी के पास मौजूद है। उन्होंने दावा किया कि मामले को मानवाधिक.र आयोग और न्यायालय तक ले जाया जाएगा तथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने निष्पक्ष जांच नहीं कराई तो पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी। प्रदर्शन के दौरान सपाइयों ने प्रदेश सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब कुछ कार्यकर्ता पुतला दहन के लिए आगे बढ़ने लगे। हालांकि पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए पुतला फूंकने से रोक दिया। सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी सड़क से लेकर अदालत तक संघर्ष जारी रखेगी।

## कोविड में अनाथ हुई बेटी को मिला सहारा, डीएम ने सौंपा 10 लाख का चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कोविड-19 महामारी के दौरान अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों के जीवन को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भावुक पल देखने को मिला। जिलाधिकारी कविता मीना ने योजना के अंतर्गत पात्र बालिका खुशी चौहान पुत्री स्वर्गीय पंकज चौहान को 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत कोविड महामारी में अनाथ हुए बच्चों को 23 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान है। जनपद हापुड़ में ऐसे 11 बच्चों को चिन्हित किया गया था, जिन्हें योजना का लाभ दिया जा रहा है।



जिलाधिकारी कविता मीना ने बालिका को चेक प्रदान करते हुए कहा कि यह सहायता केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि बच्चों के सुरक्षित भविष्य की दिशा में सरकार की संवेदनशील पहल है। उन्होंने बालिका को शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भर बनने के लिए धन. राशि का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार कोविड प्रभावित बच्चों के भविष्य को लेकर गंभीर है और उनकी पढ़ाई, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने भी बालिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा, जिला प्रोब.ेशन अधिकारी स्मिता सिंह, संरक्षण अधिकारी मनीष द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## पर्यावरण संरक्षण में जीएस यूनिवर्सिटी का जलवा, मिला प्लैटिनम सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए जी.एस. यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित जी.एस. आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। संस्थान को प्लैटिनम सस्टेनेबल कैंपस पार्टनर सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान रिसर्च हाइट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित सस्टेनेबल कैंपस इम्पैक्ट समिट एंड अवार्ड्स-2026 कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया।

संस्थान को यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर विकास, स्वच्छता, ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण और सतत विकास से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। जीएस आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के द्रव्यगुण विभाग द्वारा समय-समय पर वृक्षारोपण अभियान, प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम और पर्यावरण संरक्षण गति. विधियों का संचालन किया जाता रहा है, जिसका सकारात्मक प्रभाव संस्थान परिसर और विद्यार्थियों में देखने को मिला। विश्व. विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि को पूरे संस्थान के



लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि जीएस यूनिवर्सिटी भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती के साथ आगे बढ़ाती रहेगी। साथ ही विद्यार्थियों और समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने एवं हरित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती रहेगी। सम्मान मिलने के बाद विश्वविद्यालय परिवार, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों में उत्साह और खुशी का माहौल है। संस्थान से जुड़े लोगों ने इसे टीमवर्क और पर्यावरण के प्रति समर्पण का परिणाम बताया।

## मेरठ रोड फ्लाईओवर की मरम्मत पर बवाल, परीक्षा के बीच बंदी का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ रोड स्थित फ्लाईओवर की मरम्मत के चलते 14 मई से 23 मई तक यातायात बंद किए जाने के निर्णय के बाद क्षेत्रीय लोगों और अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। आवास विकास कालोनी संजय विहार के निवासियों ने जिलाधिक.ारी को शिकायती पत्र सौंपकर मांग की है कि स्कूलों में चल रही परीक्षाओं और भीषण गर्मी को देखते हुए फ्लाईओवर की मरम्मत का कार्य फिलहाल स्थगित किया जाए तथा स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होने के बाद ही कार्य कराया जाए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मेरठ रोड पर बने फ्लाईओवर के अलावा चार पहिया वाहनों के आवागमन के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है। ऐसे में फ्लाईओवर पूरी तरह बंद होने से हजारों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सबसे अधिक दिक्कत स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों को होगी, क्योंकि शहर के कई प्रमुख शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने का मुख्य रास्ता यही फ्लाईओवर है। शिकायती पत्र में बताया गया कि मेरठ रोड पर स्थित दीवान पब्लिक स्कूल, दीवान इंटर कॉलेज और कॉमर्शियल इंटर कॉलेज के अलावा मोदीनगर रोड पर स्थित ब्रह्मा देवी स्कूल, बथिस्ता स्कूल और सरस्वती बाल मंदिर स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं प्रतिदिन इसी मार्ग से होकर स्कूल आते-जाते हैं। वर्तमान समय में स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं और तेज गर्मी के बीच फ्लाईओवर बंद



होने से बच्चों को लंबा चक्कर लगाकर सफर करना पड़ेगा। इससे छात्रों के समय पर स्कूल न पहुंच पाने और परीक्षा छूटने की आशंका भी जताई गई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि 20 मई से अधिकांश स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होने जा रहा है। ऐसे में यदि फ्लाईओवर की मरम्मत का कार्य छुट्टियों के दौरान कराया जाए तो आमजन और विद्यार्थियों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सकता है। स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए फ्लाईओवर बंद करने के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और मरम्मत कार्य की समयावधि में बदलाव किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षाओं पर कोई प्रतिकूल असर न पड़े।

## खाद्य विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

’kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA प्रांतीय अध्यक्ष लो. केश अग्रवाल के आह्वान पर मथुरा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार पिंटू के नेतृत्व में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन कलेक्ट्रेट में खाद्य विभाग के डीआई धीरेंद्र प्रताप सिंह को सौंपा। जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार पिंटू ने ज्ञापन देते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सैंपल भरते समय रिटेलर के साथ निर्माता को भी पार्टी बनाया जाता है, लेकिन निर्माता को जारी किया गया फार्म 5-क नहीं भेजा जाता जो नियमों के विपरीत है।

उन्होंने मांग की कि निर्माता को पार्टी बनाए जाने की स्थिति



में फार्म 5-क पंजीकृत डाक से भेजना अनिवार्य किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि सैंपलों की जांच रिपोर्ट महीनों में प्राप्त होती है, जबकि अधिनियम के अनुसार 14 दिनों के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसलिए प्रदेश की सभी सरकारी प्रयोगशालाओं को निर्धारित समय सीमा में रिपोर्ट देने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। व्यापार मंडल ने मांग की कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 69 के तहत मामूली मामलों में शमन (कम्पाउंडिंग) की व्यवस्था लागू की जाए, जिससे व्यापारियों को त्वरित न्याय मिल सके और अनावश्यक मुकदमों का बोझ कम हो। नगर अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद लोधी ने प्राइवेट लैब से जांच कर निर्माताओं के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को गलत बताते हुए इसे समाप्त करने की मांग उठाई।

वहीं जिला उपाध्यक्ष भगवती चतुर्वेदी ने सैंपल रिपोर्ट को सार्वजनिक करने और नए सिरे से मानक तय करने की बात कही। खाद्य विभाग के डीआई धीरेंद्र प्रताप सिंह ने व्यापारियों की मांगों को सरकार तक पहुंच.ाने और उन पर विचार कर आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

# मेरो मथुरा ऐप में समाहित हैं नगर निगम की तमाम जानकारी

’kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA सांसद हेमा मालिनी ने ‘मेरो मथुरा’ ऐप का लोकार्पण किया। बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद सभागार में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद हेमा मालिनी ने परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, नगर आयुक्त जग प्रवेश, सीईओ लक्ष्मी नागप्पन तथा एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड प्रवीण गुप्ता और आशीष श्रीवास्तव की उपस्थिति में रिमोट दबाकर मेरो मथुरा’ ऐप का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि मथुरा कोई साधारण स्थान



नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण की पावन भूमि है। यहां देश विदेश से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि ‘मेरो मथुरा’ ऐप स्थानीय नागरिकों को आवश्यक सुविधा देने के साथ-साथ पर्यटकों के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने कहा कि ऐप बनने के बाद नगर निगम की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। अब इसके माध्यम से न केवल शिकायतें आएंगी बल्कि जन्म मृत्यु, सम्पत्ति टेक्स, पंजीकरण जैसी विभिन्न आवश्यकताओं के लिए इसका उपयोग किया जाएगा। इसकी नियमित निगरानी नगर निगम द्वारा सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा इसके लिए किसी एक अधिकारी की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि ‘मेरो मथुरा’ ऐप को ‘मेरो ब्रज’ ऐप से भी जोड़ा जाए, जिसमें ब्रज क्षेत्र से जुड़े साहित्य, मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी उपलब्ध है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने मेरो मथुरा’ ऐप शुरू करने के लिए बैंक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में वृंदावन परिक्रमा मार्ग तथा जनपद के अन्य तीर्थ स्थलों के विकास में भी इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने भी सीएसआर फंड के माध्यम से सहयोग देने के लिए बैंक अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों ने ‘मेरो मथुरा’ ऐप के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। इस दौरान गोवर्धन चेयरमैन प्रभादेवी शर्मा के प्रतिनिधि मनीष शर्मा, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, योगेंद्र राणा, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मदन चंद्र, विप्रा के अधिशासी अभियंता प्रशांत गौतम, अमरदीप, एई वैशाली शर्मा, एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड सीएसआर आशीष श्रीवास्तव, क्लस्टर हेड मथुरा गिरिराज अग्रवाल, ब्रांच मैनेजर जितेंद्र छाबड़ा सहित अनेक अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्यास नंदन शर्मा ने किया।

## मथुरा को मिली एसडीआरएफ की एक प्लाटून

### दुर्घटना होने पर गोल्डन आवर में तुरंत राहत कार्य शुरू हो सकेगा

’kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA जनपद मथुरा में आपदा प्रबंधन और जन सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद में घटित होने वाली विभिन्न प्राकृतिक और मानव जनित आपदाओं से त्वरित व प्रभावी ढंग से निपटने के लिए राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की एक प्लाटून को स्थायी रूप से मथुरा में तैनात कर दिया गया है।

स्थानीय स्तर पर एसडीआरएफ की स्थायी मौजूदगी से गोल्डन ऑवर (घटना के ठीक बाद का महत्वपूर्ण समय) में तुरंत राहत कार्य शुरू हो सकेगा। मानसून के दौरान यमुना नदी में आने वाली बाढ़ और तटीय इलाकों में जलभराव की स्थिति से निपटने में यह प्लाटून मुख्य भूमिका निभाएगी। एसडीआरएफ की यह स्थायी प्लाटून स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर काम करेगी। मथुरा में एसडीआरएफ की यह स्थायी तैनाती न केवल स्थानीय निवा.सियों बल्कि यहां आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों के लिए एक बड़ा सुरक्षा कवच है।

यह कदम जनपद को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आत्मनिर्भर बनाता है। यमुना नदी में 10 अप्रैल को नाव पलटने के हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद यमुना में परिवहन और श्रद्धालु पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठे थे।

जिला प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाते हुए नाविकों के पंजीकरण और नाव व स्टीमर की फिटनेस जांचने जैसे कदम उठाए हैं। इस दौरान मथुरा में कभी तैनात रहने वाली रिवर पुलिस को लेकर भी सवाल उठे थे। जिलाधिकारी एसपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने रिवर पुलिस की तैनाती किये जाने की बात कही थी। इस बड़े हादसे के बाद अब एसडीआरएफ की एक प्लाटून स्थाई तौर पर मथुरा में तैनात कर दी गई है। इससे यमुना में होने वाली जनहा.नि को काफी हद तक कम करने में प्रशासन को मदद मिलेगी।

## भाजपा महिला मोर्चा ने सपा के खिलाफ प्रदर्शन

’kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA भाजपा महिला मोर्चा ने सपा के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ता गुरुवार को तख्तियां हाथों में लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचीं और प्रदर्शन किया। महिला कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रधानमंत्री पर सपा नेताओं की कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में ज्ञापन दिया गया है। प्रदर्शन के दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने सपा नेताओं के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लो.



कतांत्रिक मर्यादाओं के पालन की मांग उठाई। प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा जिलामहानगर मंत्री एवं महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष पूजा चौधरी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं। प्रदर्शनकारियों ने सपा सांसद आजेंद्र लोधी शर्म करो, अखिलेश यादव शर्म करो जैसे नारों के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुदिता शर्मा ने कहा कि संवैधानिक पदों पर बैठे नेताओं के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन सार्वजनिक जीवन में शाल.ीनता और मर्यादा बनाए रखना सभी दलों की जिम्मेदारी है।पूर्व जिला उपाध्यक्ष दीपा अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता और विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, ऐसे में उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करना देशवासियों की भावनाओं को आहत करने जैसा है। इस अवसर पर नीलम पाण्डेय, वंदना अरोड़ा, नीलम चौधरी, हेमा सिंह, सावित्री, मनीषा, ज्योति चतुर्वेदी, पूजा सैनी, उर्मिला दीक्षित, शशि शुक्ला पार्षद, कृष्णा चौधरी, रामद.ुलारी, आरती चतुर्वेदी एवं अनीता चावला सहित अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# शादी का सपना दिखाकर युवती से किया दुष्कर्म

## दिल्ली में कराया गर्भपात, चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने गांव के ही युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, जबरन अपने साथ पश्चिम बंगाल ले जाने और गर्भपात कराने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी और उसके परिजनों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासी किसान की बेटी द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक साल 2024 में गांव के ही मोहम्मद हसीब ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए तथा बाद में घर से भगाकर पश्चिमी बंगाल के जिला बिशनापुर ले गया। वहां हसीब एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। आरोप है कि हसीब ने वहां युवती के हस्ताक्षर एक स्टांप पर करवा लिए तथा कहा कि दोनों की कोर्ट मैरिज हो गई है। इतना ही नहीं बिशनापुरु से युवती के परिजनों को कॉल कर बता दिया कि दोनों ने शादी कर ली है। साल 2025 में वह युवती को लेकर जोया निवासी अपने मामा के घर आ गया। यहां हसीब के परिवार के लोग भी रहते हैं। आरोप है कि यहां देवर तौसीफ ने छेड़छाड़ की तथा सास अफरोजा व ससुर इदरीस ने मारपीट की। जिस पर हसीब उसे लेकर दिल्ली चला गया तथा वहां रहने लगा। दिल्ली में युवती ने गर्भवती होने की जानकारी हसीब को दी। आरोप है कि दवा खिला कर उसका गर्भपात करा दिया। जब युवती ने निकाह का दबाव बनाया तो 10 अप्रैल 2026 को मारपीट कर निकाल दिया। पीड़िता ने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में मोहम्मद हसीब, उसके भाई, व माता-पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

## हादसे के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूटा, शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

# बारात चढ़त के दौरान गिरा जर्जर खम्भा, किशोर की मौत



मंडी धनौरा। खम्भा गिरने से किशोर की मौत के बाद सड़क जाम करते परिजन।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बछरायूं**। थाना क्षेत्र के गांव ढयौटी में गुरुवार शाम बारात चढ़त के दौरान जर्जर बिजली का खंभा गिरने से 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि एक अन्य किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। गुस्साए ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लाप. रवाही का आरोप लगाते हुए शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया।

गांव ढयौटी में गुरुवार को एक बारात आई हुई थी। शाम करीब पांच बजे बारात चढ़त के दौरान डीजे की धुन पर बाराती नाच रहे थे। वहीं बड़ी संख्या में ग्रामीण भी बारात देख रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे लगा बिजली का जर्जर खंभा अचानक भरभराकर भीड़ पर गिर पड़ा। हादसे से मौके पर चीख-पुकार मच गई।



खंभे की चपेट में आने से गांव निवासी लव जाटव (15) पुत्र परमेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विमल (13) पुत्र यशपाल जाटव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गनीमत रही कि हादसे के समय बिजली आपूर्ति बंद थी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश फैल गया। ग्रामीण धर्मपाल प्रधान, मोहित कुमार, तारें सिंह, राहुल, गजराज सिंह, विजय कुमार, अरुण और लोकेंद्र जाटव समेत अन्य लोगों का आरोप है कि खंभा काफी समय से जर्जर हालत में था। इसकी शिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के चलते एक मासूम की जान चली गई। हादसे से गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने शेरपुर-बसी मार्ग पर बिजलीघर के सामने शव रखकर जाम लगा दिया और प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक मौके पर तनावपूर्ण शांति बनी हुई थी।

# एआई से किशोरी का फोटो एडिट कर किया वायरल

## शिकायत पर दो नाबालिगों पर हमला, एसपी के आदेश पर छह आरोपियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सोशल मीडिया पर 14 वर्षीय किशोरी का एआई से एडिट किया गया आपत्ति. जनक फोटो वायरल करने के मामले ने तूल पकड़ लिया। शिकायत करने गए किशोरी के भाई और चचेरे भाई पर आरोपियों ने साथियों संग मिलकर रास्ते में घेरकर हमला कर दिया। धारदार हथियार से किए गए हमले में दोनों नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर भी मारपीट और कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। एसपी के निर्देश पर अब छह आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

मामला नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के ही एक गांव से जुड़ा था। कुछ दिन पूर्व गांव निवासी एक किसान की 14 वर्षीय बेटी का आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। फोटो को एआई से एडिट किया गया था। इस कारस्तानी में गांव के ही एक युवक का नाम सामने आया था। जानकारी पर किशोरी का 15 वर्षीय भाई अपने 16 वर्षीय चचेरे भाई को लेकर शिकायत करने के लिए युवक के घर गया था, जिसके बाद मामला शांत हो गया था लेकिन बीती 11 मई की शाम में दोनों नाबालिग भाई खेत से घर लौट रहे थे। फोटो वायरल करने की परिजनों से शिकायत पर गुस्सा युवक ने साथियों के साथ मिलकर दोनों को रास्ते में घेर लिया था। आरोपियों ने बेरहमी से पीटते हुए धारदार हथियार से हमला कर दोनों को लहूलुहान कर दिया था। एसपी स्तर पर की गई शिकायत में पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया था कि पुलिसकर्मियों ने उल्टा उनके साथ ही मारपीट की, थाने ले जाकर अवैध तरीके से कई घंटे हवालात में बंद रखा। इतना ही नहीं घायलों का मेडिकल कराने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया। शिकायत पर एसपी ने प्रकरण की जांच सीओ को सौंपी थी। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में पीड़िता के चाचा की ओर से दी गई तहरीर पर आरोपी दीपक, प्रिंस, रामकुमार, संजीव, राजेंद्र व परम सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

## बेबस भिखारी पर जालिम का खूनी वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक ऐसी घटना सामने आई है। जिसने रूह को कपा दिया है। एक तरफ जहां लोग दान-पुण्य की बातें करते हैं। वहीं एक जालिम ने अपनी घटिया मानसिकता का परिचय देते हुए एक बेबस भिखारी पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने भिखारी इकबाल पुत्र इनायत के पेट पर धारदार हथियार से वार कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुता. बिक हमला इतना अचानक और बर्बर था कि मौके पर चीख पुकार मच गई। सरेराह खून बहता देख लोगों के होश उड़ गये। लहूलुहान भिखारी दर्द से कराह रहा था और हमलावर मौके का फायदा उठाकर फरार होने की फिराक में था। वहां मौजूद बहादुर लोगों ने तुरंत मोर्चा संभाला। घायल को तड़पता देख भीड़ ने बिना देर किए उसे कोतवाली पहुंचाया। तत्काल घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। गुस्साये लोगों ने इस हैवानियत के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंप दी है। क्या अब इस समाज में गरीबों की जान की कोई कीमत नहीं है। पुलिस अब आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

# जोया में पूरी रात नहीं आयी बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। लगातार तीन दिनों से आ रही आंधी अब लोगों के लिए मुस. ीबत का सबब बनती जा रही है। बीती रात आयी तेज आंधी के चलते कस्बे में पूरी रात बिजली के दर्शन नहीं हुए। जिससे लोगों का बुरा हाल है। बताते चलें कि पिछले तीन दिनों से लगातार आंधी का सिलसिला जारी है। रोजाना आंधी व तूफान तथा बारिश से बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाती है। बीती रात आयी तेज आंधी ने एक बार फिर बिजली व्यवस्था को चौपट कर दिया। कस्बे में पूरी रात बिजली के दर्शन नहीं हुए। सुबह करीब 13 घंटे बाद बिजली आयी।

# कूमल लगाकर घर से पांच लाख का सामान चोरी

## ताले तोड़कर उड़ाई नकदी व जेवर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए अज्ञात चोरों ने गांव पेली तगा में एक मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये का माल समेट लिया। चोर इतने बेखौफ थे कि उन्होंने पहले मकान की दीवार काटी, फिर आराम से घर के अंदर घुसकर एक-एक कमरे के ताले तोड़े और कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घटना के बाद गांव में दहशत और लोगों में आक्रोश का माहौल है।

गांव पेली तगा निवासी जाफर के अनुसार बुधवार रात परिवार के लोग घर में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर मकान की दीवार में कूमल काटकर अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने घर के सभी कमरों के ताले तोड़ डाले। इसके बाद अलमारी और संदूकों के लॉक तोड़कर उनमें रखे सोने-चांदी के आभूषण, तांबे-पीतल के बर्तन और करीब 30 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। सुबह जब परिवार के लोगो को जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। कमरों का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी-संदूक खुले पड़े थे। घटना का पता चलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। पीड़ित ने बताया कि चोरी गए सामान की कीमत करीब पांच लाख रुपये है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस चोरों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। लोगों ने रात में गश्त बढ़ाने की मांग की है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पीड़ित जाफर ने पुलिस को तहरीर देकर जल्द खुलासा करने और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। उधर पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# ऋण वसूली के दौरान युवक ने पेट्रोल डालकर लगायी आग

## बैंक कर्मियों पर लगाया रिश्वत मांगने का आरोप, गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बैंक ऋण वसूली की कार्रवाई के दौरान गुरुवार को गांव में उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक युवक ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसे युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार ने बैंक कर्मियों पर रिश्वत मांगने और बिना नोटिस कार्रवाई करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के मुताबिक गांव निवासीर अशोक और विपिन सगे भाई हैं। दोनों गांवों में फेरी लगाकर सब्जी बेचते हैं। इसी आमदनी से परिवार का गुजारा चलता है। अशोक के मुताबिक उन्होंने साल 2019 में अमरोहा शहर की पीएनबी शाखा से 15 लाख रुपये का ऋण लिया था, जिसका उन्होंने किस्तों के माध्यम से भुगतान करा दिया। उनका कहना है कि ऋण में उन्हें करीब 8.45 लाख रुपये की सब्सिडी मिली थी। बैंक कर्मी सब्सिडी जारी करने के बदले में उनसे चार लाख रुपये की मांग कर रहे थे। रकम नहीं देने पर तीन जुलाई 2025 को उनके मकान पर



सील लगा दी गई। जिसे लेकर वाद कोर्ट में विच. ाराधीन चल रहा है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि नोटिस दिए बिना बैंक टीम गुरुवार को पुलिस बल के साथ गांव पहुंची तथा मकान खाली करने का दबाव बनाया। अशोक और विपिन के परिजनों के साथ मिलकर कार्रवाई का विरोध करने पर हंगामा हो गया। देखते ही देखते पूरा गांव मौके पर जमा हो गया। आरोप है कि पुलिस और बैंक कर्मियों ने महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। इसी दौरान गुस्साए अशोक ने खुद पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा ली। उसके इस कदम से मौके पर अफरातफरी के हालात बन गए। बचाओ-बचाओ के शोर के बीच पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई तथा गंभीर रूप से झुलसे अशोक को शहर सीएचसी ले गए। जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं, इस घटना के बाद बैंक कर्मियों समेत प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। बैंक अधधिकारियों के अनुसार लंबे समय से ऋण बकाया होने के कारण नोटिस जारी किए जा रहे थे और नियमानुसार पूरी कार्रवाई की जा रही थी। वहीं, अशोक के भाई विपिन का कहना है कि उन्हें बैंक से अभी तक कोई नोटिस नहीं मिला है, पूर्व में भी बैंक कर्मियों ने 8.45 लाख रुपये की सब्सिडी जारी करने के लिए रिश्वत मांगी थी, अब भी पैसों का दबाव बनाया जा रहा था। इनकार करने पर मकान पर सील लगाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। ऋण लेने के बाद कोरोना काल में कारोबार ठप हो गया था, जिसके बदले में सब्सिडी मिली थी।

## योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए, निर्माण कार्यों में देरी पर जताई नाराजगी

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करें : बलकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आवास आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन एवं जनपद के नोडल अधिकारी बलकार सिंह ने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। इसके साथ ही सभी गौ आश्रय

■ **जिले के नोडल अधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा**

स्थलों में गर्मी से बचाव के लिए छाया, पेयजल, भूसा और हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यों और निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की। नोडल अधिकारी बलकार सिंह ने जनपद में सभी ग्राउंड वाटर रिचार्ज संरचनाओं को सक्रिय करने, रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने तथा वृक्षारोपण



अभियान की प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने खराब विद्युत ट्रांसफार्मरों को समय पर बदलने और निर्धारित समयानुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को नकली दूध, खोया एवं खाद्य पदार्थों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। वहीं जल जीवन मिशन के तहत गांवों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने को कहा। किसानों की फार्मर रजिस्ट्री और फैमिली आईडी बनाने के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विशेष शिविर लगाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति पेंशन, कृषि और अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में जिलाधिकारी डा. नितिन गौड़, पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी श्री अंबरीश कुमार, अपर जिलाधिकारी श्रीमती गरिमा सिंह, एडीएम न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, डीएफओ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। डिडौली थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर निवासी किसान विजय सिंह बुधवार शाम बैंक से घर लौट रहे थे। जब वह रजबपुर बाईपास स्थित छोटी पुलिया के पास बिजलीघर जाने वाले मार्ग पर पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार बाइक ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में विजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई।सूचना मिलने पर स्वजन मौके पर पहुंचे और घायल किसान को उपचार के लिए चौधरपुर गांव स्थित जीवन 24 अस्पताल में भर्ती करायाद्य जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और आईसीयू में उपचार चल रहा है।

### खेत जोतने के विवाद में किसान को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर कलां में खेत जोतने को लेकर हुए विवाद में एक किसान को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया गया। पीड़ित ने आरोपित के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।गांव निवासी गंगासरन पुत्र शिवलाल का आरोप है कि वह गांव के ही सुदर्शन की जमीन चोथाई पर बोते हैं। बुधवार शाम वह खेत पर मौजूद थे। इसी दौरान सुदर्शन का भाई करतार सिंह वहां पहुंच गया और खेत न जोतने देने की बात कहने लगा। विरोध करने पर आरोपित ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में गंगासरन लहूलुहान हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।पीड़ित थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जोया सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### जातिसूचक गालियां देकर खिलाड़ी का बल्ला तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। खेल का मैदान उस वक्त जंग के अखाड़े में तब्दील हो गया जब मामूली बात पर दबंगों ने मर्यादा की सारी हदें पार कर दीं। मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र का है, जहाँ शसिकरौली मिलकश के रहने वाले शिवम वाल्मीकि के साथ मैच खेलकर लौटते वक्त हुआ है। शिवम का आरोप है कि जब वह गांव मंगरौली घेर से मैच खेलकर घर लौट रहा था। तभी रास्ते में घात लगाए बैठे कई दबंगों ने उसे रोक लिया। दबंगों ने न सिर्फ शिवम का कीमती बल्ला छीनकर उसे तोड़ डाला। बल्कि उसे जातिसूचक भद्दी गालियाँ देकर अपमानित भी किया। आरोपियों ने शिवम के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लहूलुहान हालत में पीड़ित ने थाने पहुँचकर पुलिस से सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है। क्या अब क्रिकेट के मैदान पर भी जातिवाद का जहर घुलेगा। पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है।

# पालिका पर करोड़ो के मंडी घोटाले का आरोप

## पूर्व चेयरमैन ने डीएम को भेजा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कालू उर्फ राकेश बंसल ने वर्तमान पालिका प्रशासन पर भू-माफियाओं के साथ मिलकर पुरानी सब्जी मंडी की बेशकीमती जमीन को खुर्द-बुर्द करने का गंभीर आरोप लगाया है। जिलाधिकारी को भेजे पत्र में श्री बंसल ने दावा किया कि रहरा रोड स्थित पुरानी सब्जी मंडी, जहाँ लगभग 50 वर्षों से कारोबार चल रहा है। उसे हड़पने के लिए 50 करोड़ रुपये का बड़ा षडयंत्र रचा जा रहा है। पूर्व चेयरमैन का आरोप है कि वर्तमान अध्यक्ष ने अधिशासी अधिकारी के साथ साठगांठ कर कोर्ट में कूटरचित दस्तावेज पेश किए हैं। आरोप है कि यह जमीन गुपचुप तरीके से अध्यक्ष के करीबियों भांजे, भतीजे, साले और घरेलू नौकरों के नाम आवंटित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने डीएम से इस करोड़ो के भूमि घोटाले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

■ **भानपुर रेलवे फाटक के पास हुई घटना**

आसपास खतों में काम कर रहे किसानों ने घटना की सूचना 112 डायल को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

जानकारी के अनुसार हाइवे स्थित



राधा स्वामी सत्संग के पीछे युवक रेलवे लाइन के किनारे मृतावस्था में पड़ा हुआ था। देखने में ऐसा लग रहा था कि जैसे वह ट्रेन की चपेट में आया हो। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने घटना की सूचना 112 डॉयल को दी, वहीं गेटमेन की सूचना पर आरपीएफ भी मौके पर आ पहुंची। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। क्षेत्र सिविल पुलिस के दायरे में होने के कारण सिविल पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मृतक के दायें हाथ पर अर्जुन लिखा हुआ है। शरीर पर नीली शर्ट और काली पैंट पहनीं हैं। आरपीएफ ने शव को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया है, जबकि शिनाख्त के प्रयास भी जारी हैं।

## सीएम डैशबोर्ड एवं निर्माण कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

# कार्य पूर्ण होने पर विभागों को शीघ्र हैंडओवर करें संस्थाएं

- लक्ष्य के सापेक्ष योजनाओं की प्रगति सुनिश्चित करें अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड, विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्थाएं निर्माण कार्यों को गंभीरतापूर्वक लेते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराएं।



उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं हेतु धनराशि प्राप्त हो चुकी है, उनके निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अंतर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिन कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कार्य पूर्ण कर लिया गया है, वे संबंधित विभाग को कार्य हैंडओवर करना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं के लिए बजट प्राप्त नहीं हुआ है, उनके संबंध में संबंधित विभाग प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र बजट की मांग करें।

समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने विभागों से संबंधित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पर विशेष ध्यान दें।

उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित आगामी 100 दिवस एवं 06 माह की बिंदुवार कार्ययोजना तथा उसकी वर्तमान प्रगति की जानकारी भी प्राप्त की।

उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की पूर्व स्थिति एवं वर्तमान प्रगति के फोटोग्राफ भी अभिलेखों में संलग्न किए जाएं, ताकि कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का प्रभावी मूल्यांकन किया जा सके।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जल स्रोतों में सावधानी बरतें, सुरक्षा नियमों का पालन करें : डीएम

- नदी-तालाब में हादसों पर प्रशासन अलर्ट, डीएम ने जारी किए सुरक्षा निर्देश
- बच्चों को जल स्रोतों से दूर रखें, अभिभावकों से डीएम की अपील



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरूवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा है कि तालाब, पोखर, नदी एवं अन्य जल स्रोतों में डूबने की घटनाएं समय-समय पर संज्ञान में आती रहती हैं। ऐसी स्थिति में अभिभावक अपने बच्चों को तालाब, पोखर एवं नदी में स्नान करने से रोकें तथा यदि बच्चे जल स्रोतों के आसपास हों तो उन्हें अपनी निगरानी में रखें, जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि जर्जर एवं टूटी-फूटी नावों पर यात्रा न करें। नाव पर यात्रा करते समय यह सुनिश्चित करें कि नाव सुरक्षित, साफ एवं सूखी हो। छोटे बच्चों को अकेले नाव पर यात्रा न करने दें तथा नाव की क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं। साथ ही नाव पर लाइफ जैकेट की उपलब्धता भी सुनिश्चित करें। उन्होंने जनपदवा. सियों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति मादक पदार्थों का सेवन कर नदी, तालाब अथवा अन्य जल स्रोतों में प्रवेश न करें। जल स्रोतों पर लगे सुरक्षात्मक चिन्हों एवं चेतावनी संक. तों का पालन करें तथा घाटों पर तैनात सुरक्षा कर्मियों के निर्देशों का अनुपालन करें। जिलाधिकारी ने कहा कि पानी में किसी भी प्रकार का जोखिमपूर्ण खेल न खेलें। जिन्हें तैरना नहीं आता, वे नदी अथवा गहरे जल स्रोतों से दूर रहें। अधिक गहरे पानी में प्रवेश न करें तथा एक नाव से दूसरी नाव पर कूदने एवं पानी में सेल्फी लेने जैसी गतिविधियों से बचें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति पानी में डूब रहा हो तो आसपास मौजूद लोग तत्काल उसकी सहायता करें एवं एम्बुलेंस सेवा को सूचित करें। यदि व्यक्ति श्वास नहीं ले रहा हो तो उसकी नब्ज जांचें तथा आवश्यकता पड़ने पर सीपीआर देकर तुरंत निकटतम अस्पताल पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति पानी में फंस जाए या डूबने लगे तो घबराएं नहीं, शांत रहें। अपने सिर को पानी के ऊपर रखने का प्रयास करें, बैग एवं जूते जैसी भारी वस्तुओं को हटा दें तथा हाथों की सहायता से पानी को ऊपर की ओर उछालते रहें, ताकि आसपास के लोग देखकर सहायता कर सकें।

# 20 मई को राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद, स्वार के केमिस्ट्स ने प्रशासन को दी सूचना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** देशभर के केमिस्ट्स और दवा वितरकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद का ऐलान किया है। इसी क्रम में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन, स्वार ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बंद की अग्रिम सूचना दी और अपनी मांगों के समर्थन में हस्तक्षेप की अपील की। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि यह बंद ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर किया जा रहा है, जिसमें देशभर के करीब 12.40 लाख केमिस्ट्स और वितरक शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इससे करोड़ों लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। केमिस्ट्स ने अवैध ई-फार्मेसी संचालन पर रोक, ळैत 817(म) और ळैत 220(म) की वापसी तथा बड़े कॉरपोरेट्स द्वारा प्रिडेटरी प्राइसिंग पर रोक लगाने की मांग उठाई। उनका कहना है कि



अवैध ई-फार्मेसी के कारण बिना पर्चे दवाओं की बिक्री, नकली दवाओं का खतरा और एंटीबायोटिक्स के गलत इस्तेमाल जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। एसोसिएशन ने प्रशासन से इस मामले में केंद्र सरकार को उचित अनुशंसा भेजने की मांग की। इस दौरान अध्यक्ष वकार अली, महामंत्री मोहम्मद तारिक, कोषाध्यक्ष जैनुल बशर 'बब्लू' समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नगर पंचायत मे बोर्ड बैठक में कई प्रस्ताव पारित सभासदों के बहिष्कार से गरमाई सियासत

**( मो.फारूख अंसारी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

मसवासी। नगर पंचायत मे बोर्ड की बैठक गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में नगर विकास और जनहित से जुड़े कई प्रस्ताव पारित किए गए। हालांकि बैठक के दौरान कई सभासदों ने बहिष्कार कर दिया, लेकिन नामित सभासदों की मौजूदगी से कोरम पूरा हो गया।

बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल ने की। बैठक में नगर क्षेत्र में दुकानों के बाहर सामान रखने पर रोक, सब्जी मंडी और शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, पार्क, दुकान, मार्केट व पार्किंग स्थल निर्माण समेत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा हुई। इसके अलावा मुख्य मार्गों पर जाम लगाने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों पर जुर्माना लगाने व वाहन जब्त करने, स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण हटाने, गृहकर, जलकर, किराया, दुकान लाइसेंस शुल्क की वसूली तेज करने तथा समय से कर



जमा न करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में वर्षा ऋतु से पहले नालों की सफाई, नाले-नालियों की मरम्मत, नगर की प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए हाईस्काई लिफ्ट खरीदने और बैंकों के बाहर अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने पर भी सहमति बनी।बैठक में सभासद जमील अहमद, नितिन कुमार जैन, चमन बहादुर मौर्य, राजमल, बृजनंदन सागर, विमला देवी, कुसुम देवी, राजकुमारी और आरती कश्यप समेत अन्य मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर कई सभासदों ने बैठक का बहिष्कार करते हुए नगर पंचायत में विकास कार्यों में धांधली का आरोप लगाया। बहिष्कार करने वाले सभासदों ने मामले की शिकायत जिला प्रशासन से की है। शिकायत पत्र पर साहिब नूर, इरशाद अहमद, भगवती प्रसाद, जितेंद्र कुमार, चंद्र, अनिल कुमार, कुलद. ीप मौर्य और उबेश अहमद समेत अन्य सभासदों के हस्ताक्षर बताए गए हैं।

# अब शहर में ई-रिक्शा से घूमेगा शहर विधायक का काफिला

## शहर के सार्वजनिक कार्यक्रमों और विकास कार्यों का जायजा लेने के लिए लिया जाएगा ई-रिक्शाओं का सहारा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रेरित होकर शहर विधायक ने लिया फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर के सार्वजनिक कार्यक्रमों से लेकर विकास कार्यों के निरीक्षण तक, हर जगह शहर विधायक आकाश सक्सेना का काफिला अब ई-रिक्शा से नजर आएगा। न सिर्फ वह खुद ई-रिक्शा में सवार होंगे, बल्कि उनकी सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ और पुलिस के जवान भी इन्हीं ई-रिक्शा में चलेंगे। इसके लिए उन्होंने चार ई-रिक्शा खरीदी हैं। उन्होंने यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रेरित होकर किया है।




खाड़ी देशों में युद्ध के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति बाधित हुई है। युद्ध रूकने के बाद भी हालात सामान्य नहीं हो सके हैं और फिर दोबारा कभी भी लंबा युद्ध छिड़ सकता है। ऐसे में संभव है कि वैश्विक बाजार में तेल के दाम और अधिक हो जाएं, जिसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। लिहा. जा, हालातों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों देश की जनता से अपील करते हुए सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग करने औरा घर से ही कार्य करने की अपील की थी। ताकि, वैश्विक बाजार में बढ़ती तेल कीमतों का असर देश की अर्थव्यवस्था पर न पड़े और देश विपरीत स्थितियों के बावजूद और तेजी से प्रगति कर सके। यही नहीं इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने काफिले से 50 प्रतिशत की कटौती करने की भी घोषणा कर दी है। इससे प्रभावित होकर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भी शहर के होने वाले सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों और विकास कार्यों के निरीक्षण व बैठकों में सम्मिलित होने के लिए ई-रिक्शा का प्रयोग करने का फैसला किया है। उन्होंने इसके लिए चार ई-रिक्शा भी खरीद ली हैं। इन्हीं ई-रिक्शा में विधायक और उनकी सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ जवान और पुलिस के जवान भी चलेंगे।

## पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट चार पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** दादालाही मकान की पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरैनिया खुर्दनिवासी महेन्द्र सिंह पुत्र पंडित महेन्द्र सिंह अपने पुराने मकान की नींव खोदकर सफाई कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान उनके पड़ोसी कुवरेन पुत्र झाऊराम अपने पुत्रों मुनेन्द्र, अमित, अंकित और पुत्रवधू कुवरेन समेत लाठी-डंडे और सरिया लेकर आए। और आरोपियों ने गंदी-गंदी गालियां देते हुए काम रोकने का विरोध किया। मना करने पर सभी ने मिलकर महेन्द्र सिंह के साथ मारपीट की, जिससे उनके सिर, सीने और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। तहरीर के आधार पर थाना मिलक में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच विवेचना सउपनिरीक्षक राजनीश कुमार को सौंपी गई है।

## एक नजर

### संग्रह अमीन के निधन पर वकील न्यायिक कार्य से विरत रहे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** तहसील में तैनात संग्रह अमीन हरीश गंगवार के सड़क हादसे में निधन पर बार एसोसिएशन ने शोक व्यक्त किया है। गुरूवार को बार एसोसिएशन मिलक में एक शोक सभा आयोजित की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गरुवार को सभी अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। बार एसोसिएशन ने सभी न्यायालयों से शोक संवेदना हेतु सहयोग की अपील की है। शोक सभा की अध्यक्षता सतीश चन्द्र गंगवार ने की, जबकि संचालन महासचिव रमेश चन्द्र गंगवार ने किया। इस दौरान अन्य सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में पति पत्नी गंभीर रूप से घायल, रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में क्षेत्र के ग्राम रायपुर निवासी 40 वर्षीय हसीन अली गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय उनकी पत्नी आसमा भी उनके साथ मौजूद थीं, जिन्हें भी चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार हसीन अली अपनी पत्नी के साथ किसी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और हादसा हो गया। दुर्घटना होते ही आसपास मौजूद लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई और दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हसीन अली की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया, जबकि उनकी पत्नी आसमा का उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

### नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने का आरोप पुलिस ने 6 लोगों पर किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भजनपुर निवासी ने थाने में तहरीर देते हुए कहा की प्रार्थी का आरोप है कि प्रार्थी की नाबालिग पुत्री उम्र 16 वर्ष 9 मई को करीब लगभग 11 बजे दिन घर से बाहर कुछ सामान लेने के लिए गई थी जब प्रार्थी की पुत्री काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो प्रार्थी की पत्नी परवीन ने बाहर आकर देखा तो प्रार्थी की नाबालिग पुत्री को एहसान पुत्र रहीस बहला फुसलाकर भगाकर ले जा रहा था जब प्रार्थी की पत्नी परवीन व पुत्री निशा नाबालिग पुत्री के बारे में पता करने एहसान के घर गई तो वहां पर एहसान के भाई उस्मान, नईम, फहीम पुत्रगण रहीस माता आमना पत्नी रहीस ने गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि तुम्हारी लड़की को हमारा बेटा एहसान ले गया है और जो तुमसे हो सके कर लेना अगर ज्यादा पीछा किया तो हम तुम्हारी लड़की को जान से मार देंगे और घर से भगा दिया दिनांक 12 मई को एहसान के ममेरे भाई जाने आलम का प्रार्थी की पुत्री के पास फोन आया और समझौते का दबाव बनाते हुए कहने लगा कि तुम्हें तुम्हारी पुत्री नहीं मिलेगी उसका ज्यादा पीछा मत करो प्रार्थी अब तक अपनी इज्जत के खातिर पुत्री को वापस करने की गुहार लगाता रहा जिसकी तहरीर थाने में देकर पुत्री वापस दिलाने की मांग की है बही पुलिस ने तहरीर के आधार पर एहसान, उस्मान, नईम, फहीम, आमना व जाने आलम के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# हाफिज अहमद हसन शाह शेरी जमाली कादरी के 35वें सालाना उर्स का आगाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मोहल्ला पुराना गंज मंगल की पैठ स्थित हाफिज अहमद हसन शाह शेरी जमाली कादरी के 35वें सालाना उर्स मुबारक का गुरुवार को अकीदत और एहतराम के साथ आगाज हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कारी फय्याज अहमद खां शेरी जमाली ने कुरआन-ए-करीम की तिलावत से की, जबकि हाफिज मेराजुल हसन शेरी ने नात-ए-पाक और मनकबत पेश की।

महफिल को खिताब करते हुए हजरत मौलाना शाह खालिद खां साहब कादरी ने कहा कि हिन्दुस्तान औलियाए किराम और बुजुर्गाने दीन की सरजमीं है। उन्होंने कहा कि रामपुर की यह खुशनसीबी है कि यहां बड़े-बड़े बुजुर्गों की खानकाहें मौजूद हैं, जिन्होंने इंसानियत, मोहब्बत और दीन की तालीम को फैलाया। उन्होंने लोगों से पांच वक्त की नमाज पढ़ने, गरीबों की मदद



करने और अपने माता-पिता की खिदमत करने की अपील की।

मौलाना ने कहा कि अल्लाह का जिक्र करने से दिलों को सुकून मिलता है और औलियाओं के आस्तानों से हमेशा रहमत बरसती रहती है। आखिर में कुल शरीफ और शिजरा ख्वानी हुई तथा मुल्क और आलम-ए-इस्लाम में अमन व भाईचारे की दुआ की गई। महफिल में बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

## आंधी-तूफान का कहर: सोलर पंप के पैनल उड़कर क्षतिग्रस्त, किसान को भारी नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के गांव सद्दी. कनगर में बुधवार रात आए तेज आंधी-तूफान ने जमकर तबाही मचाई। तेज हवाओं के चलते गांव निवासी संजीव पुत्र लीलाचर साह के खेत पर लगा पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत स्थापित 5 एचपी सोलर पंप सिस्टम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।बताया जा रहा है कि आंधी इतनी तेज थी कि सोलर पंप के पैनल अपने स्थान से उड़ गए और टूटकर खेत में बिखर गए।

घटना में सोलर सिस्टम को भारी नुकसान पहुंचा है। सुबह जब किसान खेत पर पहुंचा तो नुकसान देखकर उसके होश उड़ गए। पीड़ित किसान संजीव ने बताया कि सोलर पंप के जरिए वह सिंचाई का कार्य करता था और इससे खेती में काफी सहूलियत मिल रही थी। लेकिन आंधी-तूफान ने कुछ ही मिनटों में पूरा सिस्टम खराब कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कई जगह पेड़ और टीनशेड भी आंधी से प्रभावित हुए हैं।किसान ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है, ताकि वह दोबारा सिंचाई व्यवस्था को शुरू कर सके।

# PBKS ने MI को 201 रन का लक्ष्य दिया

**प्रभमिसरन सिंह का अर्धशतक, अजमतुल्लाह ओमरजई ने 17 गेंदों में 38 रन की विस्फोटक पारी खेली, शार्दूल ठाकुर ने 4 विकेट लिए**



**धर्मशाला, वार्ता।** पंजाब किंग्स ने अभी खेले जा रहे आईपीएल मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 201 रन का टारगेट दिया है। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 200 रन बनाए। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए, जबकि अजमतुल्लाह ओमरजई ने 17 गेंदों में 38 रन की विस्फोटक पारी खेली। आखिर में जेवियर बार्टलेट ने 7 गेंदों में नाबाद 18 रन जोड़कर टीम को 200 के पार पहुंचाया।

मुंबई के लिए शार्दूल ठाकुर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 विकेट लिए। वहीं दीपक चाहर को 2 विकेट मिले। शुरुआत में पंजाब ने तेज रन बनाए, लेकिन बीच के ओवरों में लगातार विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। इसके बावजूद उमरजई और बार्टलेट की तेज पारियों ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। 18वें ओवर की आखिरी बाल पर दीपक चाहर ने धीमी गेंद पर उमरजई की विस्फोटक पारी का अंत कर दिया। बड़े शाट की कोशिश में उमरजई गेंद को सही तरीके से टाइम नहीं कर सके और लान्ग आन पर विल जौक्स ने आसान कैच पकड़ लिया।

उमरजई ने सिर्फ 17 गेंदों में 38 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 4 छक्के शामिल रहे। शार्दूल ठाकुर का विकेट लेने का सिलसिला जारी है। उन्होंने क्रास-सीम गेंद पर मार्को यास को बोल्ड कर दिया। गेंद नीचे रही, जैनसन ने लाइन के पार बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन बाउंस को पूरी तरह पढ़ नहीं सके। गेंद बल्ले और पैड के बीच से निकलकर सीधे स्टंप्स से जा टकराई। कार्बिन बाश ने धीमी क्रास-सीम गेंद पर शशांक सिंह को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। गेंद उम्मीद से धीमी रही और नीचे भी रही, जिससे शशांक शाट खेलने से चूक गए। उन्होंने रिव्यू लिया, लेकिन अल्ट्राएज में बल्ले का कोई संपर्क नहीं मिला और बाल ट्रैकिंग में तीनों रेड आए। शशांक ने 2 रन बनाए। 14वें ओवर की दूसरी बाल पर शार्दूल ने सूर्यांश शेडगे को आउट कर पंजाब को मुश्किल में डाल दिया। लेग स्टंप पर आई फुल गेंद को शेडगे ने फ्लिक किया, लेकिन गेंद हवा में शार्ट मिडविकेट की तरफ चली गई। वहां राज बावा ने अपनी बाईं ओर शानदार डाइव लगाकर बेहतरीन कैच पकड़ा। शेडगे 5 गेंदों में 8 रन बनाकर आउट हुए। राज बावा ने शानदार गेंद पर कूपर कोनोली को बोल्ड कर मुंबई को एक और बड़ी सफलता दिलाई। शार्ट आफ लेंथ गेंद पिच से अंदर आई, कोनोली कट शाट खेलने की को. शिश में पूरी तरह चूक गए और गेंद सीधे आफ स्टंप पर जा लगी। कोनोली 22 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुए। शार्दूल ने एक ही ओवर में मैच का रुख बदल दिया। ओवर की शुरुआत में प्रभसिमरन ने शानदार सिक्स लगाया, लेकिन अगली ही गेंद पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश में वह कार्बिन बाश को कैच दे बैठे।

# लियाम ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास लिया

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के लिए चार टेस्ट खेल चुके हैम्पशायर के ऑलराउंडर लियाम डॉसन ने तत्काल प्रभाव से प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 36 वर्षीय डॉसन ने अपने 20 सीजन लंबे करियर में 380 विकेट लेने के साथ ही 18 शतक भी लगाए। इंग्लैंड के लिए आठ वर्षा बाद वापसी करने से पहले डॉसन को 2024 में प्रोफेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन अवॉर्ड्स में पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था।

हालांकि 2026 के सीजन की शुरुआत में हैम्पशायर के पहले पांच मुकाबलों में चार मैच खेलने और सीमित सफलता के बाद उन्होंने लाल गेंद क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला कर लिया। वह हैम्पशायर के लिए सीमित ओवर प्रारूप में और द हंड्रेड में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के लिए खेलना जारी रखेंगे। इस साल टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के दल का हिस्सा होने को मद्देनजर देखते हुए वह सफेद गेंद क्रिकेट में अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं।

डॉसन ने कहा, मैंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह फैसला लेना मेरे लिए आसान नहीं था लेकिन सफेद गेंद क्रिकेट में अपने करियर को लंबा करने के लिए यह फैसला लेने के लिए सही समय था। मुझे गर्व है कि मैंने हैम्पशायर के लिए 200 से अधिक मुकाबले खेले और इन वर्षों में कई खिलाड़ियों के साथ सुनहरी यादें साझा की। मैं हैम्पशायर के लिए सफेद गेंद क्रिकेट खेलने के लिए पूरी तरह से समर्पित हूं और इस सफलता को जारी रखना चाहता हूं।

## खेल विशेष

### अलावेस ने ला लीगा चैंपियन बार्सिलोना को चौंकाया

**मैड्रिड, वार्ता।** पहले से ही ला लीगा चैंपियन एफसी बार्सिलोना बुधवार को डेपोर्टिवो अलावेस से 1-0 से हार गया। टाइटल जीतने के तीन दिन बाद, बार्सिलोना रविवार और सोमवार को अपने जश्न के असर से परेशान दिखा, और उसने अपने नॉर्मल लेवल से काफी नीचे का परफॉर्मेंस दिया। इब्राहिम डायबेट ने पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में अलावेस के लिए मैच का एकमात्र गोल किया। इस जीत ने अलावेस को बॉटम थ्री से बाहर निकाला और उसके बचने की उम्मीदें जदि रखीं। सेविला ने विलारियल से 3-2 से जीत हासिल की, और स्टैंडिग में 10वें स्थान पर पहुंच गया। विलारियल, जिसने अगले सीजन के यूएफा चैंपियंस लीग में पहले ही जगह पक्की कर ली है,

### अजीत ने 71 किग्रा कैटेगरी में डबल ब्रॉन्ज मेडल जीते

**गांधीनगर, वार्ता।** भारत ने 2026 एडब्ल्यूएफ एशियन सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में अपना शानदार कैंपेन जारी रखा, क्योंकि अजित नारायण ने कॉम्पिटिशन के चौथे दिन शानदार परफॉर्मेंस देते हुए क्लीन एंड जर्क और ओवरऑल टोटल दोनों इवेंट्स में पुरुषों की 71 किंग्रा कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीते। एशिया के कुछ बेहतरीन वेटलिफ्टर्स के खिलाफ मुकाबला करते हुए, अजित ने जबरदस्त ताकत और धैर्य दिखाते हुए कुल 314 किंग्रा वजन उठाया, जिसमें क्लीन एंड जर्क में 174 किंग्रा का शानदार प्रदर्शन भी शामिल था, जिससे भारत को पोडियम पर अच्छी जगह मिली। इस कैटेगरी में गोल्ड मेडल वॉन जू री (पीआरके) ने जीता, जिन्होंने कुल 351 किंग्रा वजन उठाया।

### यॉर्क्स क्रिकेट क्लब ने खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर को 193 रन से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** यॉर्क्स क्रिकेट क्लब ने खुशाल क्रिकेट कोचिग सेंटर को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में गुरूवार को 193 रन से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद, खुशाल क्रिकेट कोचिग सेंटर ने पहले फील्डिग करने का फैसला किया। यॉर्क्स क्रिकेट क्लब ने शिवम भान 131(80), रोहन राणा 42(21) और अक्षय सिग्नेचर 45(43) की शानदार पारियों की मदद से 40 ओवर में 10 विकेट पर 339 रन बनाए। खुशाल क्रिकेट कोचिग सेंटर के बॉलर समर कोहार ने 24 रन देकर 2 विकेट, संपर्क गुप्ता ने 47 रन देकर 2 विकेट और इमरोजप्रीत सिंह ने 62 रन देकर 2 विकेट लिए। टारगेट का पीछा करते हुए खुशाल क्रिकेट कोचिग सेंटर ने 23 ओवर में 10 विकेट पर 147 रन बनाए। इमरोजप्रीत सिंह ने 31(21) और प्रांजल सैनी ने 27(22) रन बनाए और मैच 193 रन से हार गया।

# स्वितोलिना ने 16 ब्रेकपॉइंट बचाकर रायबाकिना को हराया

**रोम, वार्ता।** एलिना स्वितोलिना ने एलेना रायबाकिना के खिलाफ 20 ब्रेक पॉइंट का सामना किया, उनमें से 16 बचाकर बुधवार रात को वर्ल्ड नंबर 2 पर उलटफेर भरी जीत हासिल की और आठ साल में पहली बार इटेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं। स्वितोलिना ने 2 घंटे और 23 मिनट में 2-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल करके जो लड़ने का जज्बा दिखाया, वह लंबे समय से उनके शानदार करियर की पहचान रहा है, जिसमें दो रोम टाइटल शामिल हैं।

उन्होंने ए टाइटल लगातार दो सालों 2017 और 2018 में जीते थे, जिसमें से आखिरी बार वह सेमीफाइनल में पहुंची थीं। स्वितोलिना ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, हमारी प्यारी बेटी, स्काई को जन्म देने के बाद, कोर्ट पर इस तरह के पल मेरे लिए वाकई खास हैं। टॉप 10 में वापस आना, बड़े मैच खेलना, उन्हें जीतना, इससे मुझे आगे बढ़ने और आगे बढ़ने का एक बहुत ही शानदार और बहुत कीमती एहसास होता है। इस जीत के साथ, स्वितोलिना डब्ल्यूटीए टूर पर रायबाकिना के खिलाफ 4-4 से बेहतर हो गई हैं और अब उनका सामना एक और मल्टी-टाइम चैंपियन, इगा स्वियाटेक से होगा। तीन बार की रोम विनर स्वियाटेक, बुधवार को जेसिका पेगुला पर 67 मिनट में 6-1, 6-2 से जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गई थीं।

# वापसी कर रही CSK की नजरें प्लेऑफ पर




**लखनऊ, वार्ता।** सीजन की शुरुआत में हार का सामना करने के बाद अचानक प्लेऑफ में जगह बनाने के सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनने वाली चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने कैंपेन को काफी बदल दिया है और अब शुक्रवार को 59वें मैच में बाहर हो चुकी लेकिन खतरनाक दिखने वाली लखनऊ सुपर जायंट्स 20 लीग मैच 6 से एक अनचाही चुनौती का सामना कर रही है। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में, दांव आधिकारिक तौर पर सिर्फ एक तरफ हो सकते हैं,

लेकिन दोनों टीमों से जुड़ी इमोशनल बातें इस मुकाबले में और दिलचस्पी जगाती हैं जो प्लेऑफ की दौड़ पर काफी असर डाल सकती हैं। चेन्नई के लिए, मिशन सीधा है: जीत का सिलसिला जारी रखना और टॉप-4 में अपनी पकड़ मजबूत करना। लखनऊ, जो एक उतार-चढ़ाव भरे कैंपेन के बाद पहले ही मुकाबले से बाहर हो चुका है, के लिए बाकी मैच इज्जत बचाने और दूसरों के सपनों को तोड़ने का आखिरी मौका है। इस सीजन में सीएसके से ज्यादा तेजी से किस्मत बदलने वाली कुछ ही टीमों ने देखा है। चेन्नई फेंचाइजी ने अपने कैंपेन की शुरुआत लगातार तीन हार के साथ की, जिससे टीम के बैलेंस को लेकर आलोचना हुई और अनुभवी खिलाड़ी एमएस धोनी के अलावा बाकी खिलाड़ियों की चिंता भी हुई, जो इस सीजन में नहीं खेले हैं, लेकिन हार मानने के बजाय, सीएसके ने डिसिप्लिन्ड बॉलिंग, निडर बैटिंग और युवा मैच-विनर खिलाड़ियों के आने से खुद को लगातार फिर से बनाया। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की लीडरशिप में, चेन्नई ने अब अपने पिछले आठ मैचों में से छह जीते हैं और लगातार तीन जीत के साथ लखनऊ पहुंची है। यह वापसी संजू सैमसन के लगातार अच्छे प्रदर्शन से हुई है, जिन्होंने 11 पारियों में 169 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 430 रन बनाए हैं। धीमी शुरुआत के बाद, सैमसन ने दो सेंचुरी के साथ लय वापस पाई और तब से सीएसके की बैटिंग लाइन-अप का सेंटरपीस बन गए हैं।

एक और बड़ा बूस्ट विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल से मिला है, जिन्होंने सीजन का पहला हाफ बेंच पर बिताया, लेकिन तुरंत असर दिखाया। एलएसजी के खिलाफ रिवर्स मैच में सिर्फ 23 गेंदों पर उनकी जबरदस्त 65 रन की पारी ने सीएसके के वापसी के दौरान अपनाए गए अटैकिंग अप्रोच को दिखाया। बॉलिंग डिपार्टमेंट ने भी प्रेशर में अच्छा किया है। हरियाणा के पेसर अंशुल कंबोज 19 विकेट लेकर टूर्नामेंट की खोजों में से एक बनकर उभरे हैं, जबकि इंग्लिश ऑलराउंडर जेमी ओवरटन ने 14 विकेट लेकर पेस और कंट्रोल जोड़ा है। अफगान स्पिनर नूर अहमद और कैरेबियाई लेफ्ट आर्म स्पिनर अकील होसेन ने बीच के ओव. रों में और मजबूती दी है। इस बीच, लखनऊ का सीजन उल्टी दिशा में गया है।

# ऑरेंज कैप टेबल में तीसरे नम्बर पर पहुंचे विराट कोहली

**पर्पल कैप पर भुवनेश्वर का कब्जा**



**रायपुर, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कोल. काता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ नाबाद 105 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबील) केवल जीत दिलाई। इसी के साथ वह ऑरेंज कैप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गए है। वहीं गेंदबाजी सूची में भुवनेश्वर कुमार 22 विकेटों के साथ शीर्ा पर पहुंच गए है।

विराट कोहली ने रायपुर में केकेआर के खिलाफ आरसीबी के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आईपीएल करियर का नौवां शतक लगाया। इस पारी की बदौलत वह इस सीजन सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। केकेआर के खिलाफ नाबाद शतकीय पारी के बाद को. हली के आईपीएल की 12 पारियों में 165-75 के स्ट्राइक रेट से 484 रन हो गए हैं। उनसे आगे केवल बी साई सुदर्शन (501 रन) और हाइनरिक क्लासन (508 रन) हैं। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के अभिोक शर्मा 481 रन हैं। दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल 477 रन के साथ पांचवें नंबर पर हैं। वहीं गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल के नाम 467 रन हैं।

# मेसी ने MLS में मियामी को जीत दिलाई



**वाशिंगटन, वार्ता।** लियोनेल मेसी के दो गोल की मदद से इंटर मियामी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एमएलएस मैच में सिनसिनाटी को 5-3 से हराया। मेसी ने 24वें मिनट में गोल करके मेहमान टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन हाफटाइम के बाद केविन डेन्की और पावेल बुचा के गोल ने बुधवार को सिनसिनाटी को बढ़त दिला दी। आठ बार के बैलन डी' ओर विजेता मेसी ने रोड्रिगो डी पॉल के क्रॉस के बाद एक शांत फिनिश के साथ घंटे भर पहले बराबरी कर ली। मेजबान टीम ने ब्राजील के मिडफील्डर इवांडर के जरिए बढ़त हासिल की, जिन्होंने एरिया के बाहर जगह बनाकर टॉप-लेफ्ट कॉर्नर में एक लंबी दूरी का शॉट मारा।

लेकिन मियामी 79वें मिनट में फिर से बराबरी पर आ गई जब सब्स्टीट्यूट माटेओ सिल्वेटी बॉक्स में आए और दूर कोने में एक शॉट मारा, जिससे मेसी के साथ शुरू हुआ मूव खत्म हो गया। फ्लोरिडा की टीम ने तब बढ़त बना ली जब गोलकीपर रोमन सेलेन्टानो ने मेसी की फ्री-किक को रोक दिया, जिससे जर्मन बर्टेराम को रिबाउंड पर गोल करने का मौका मिला। सेलेन्टानो की रात और भी खराब होती गई क्योंकि मेसी की लंगड़ाने की कोशिश को रोकने के प्रयास में उन्होंने गलती से गेंद अपने ही नेट में डाल दी। इस नतीजे के बाद इंटर मियामी 13 गेम में 25 पॉइंट्स के साथ ईस्टर्न कॉन्फेंस में दूसरे नंबर पर है, जो लीडर नैशविले से दो पॉइंट्स पीछे है, जबकि सिनसिनाटी नौ पॉइंट्स पीछे है।

# जेमी ओवर्टन आईपीएल से बाहर

**डियान फॉरेस्टर लेंगे उनकी जगह**



**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल 2026 में प्लेऑफ में पहुंचने के लिए जी तोड़ प्रयास कर रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को एक और बड़ा झटका लगा है क्योंकि ऑलराउंडर जेमी ओवर्टन जांघ की चोट की जांच के लिए वापस इंग्लैंड लौट गए हैं। चेन्नई ने ओवर्टन की जगह डियान फॉरेस्टर को टीम में शामिल किया है। डियान फॉरेस्टर ओवर्टन की जगह 75 लाख रुपये में सीएसके में शामिल होंगे।

दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर फॉरेस्टर ने मार्च 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ डेब्यू किया था और उन्होंने पांच इंटरनेशनल मैच खेले हैं, जिसमें 83 रन बनाए हैं। सीएसके ने बुधवार रात को सोशल मीडिया पर कहा कि जेमी ओवर्टन को दाईं जांघ में चोट लगी है और चोट से संबंधित आगे की जांच और प्रबंधन के लिए वह स्वदेश लौटेंगे। इस सीजन में इस समय तक ओवर्टन 17-78 की औसत और 8-89 की इकॉनमी के साथ 14 विकेट लेकर सीएसके के लिए दूसरे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। सीएसके के पिछले मुकाबले में वह प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। 11 मई को एलएसजी के खिलाफ चेपॉक में सीएसके की पांच विकेट से जीत में उन्होंने तीन विकेट हासिल किए थे। बुधवार को ही सीएसके ने चोट के चलते सीजन से बाहर हुए रामकृण घोा की जगह कर्नाटक के ऑलराउंडर मक्नील नोरोन्हा को अपने दल में शामिल किया था। इससे पहले तक इस सीजन में सीएसके के कुल चार खिलाड़ी पूरे सीजन से बाहर हो चुके हैं। घोा के अलावा, नैथन एलिस, आयुा म्हात्रे और खलील अहमद सीजन से बाहर हो चुके हैं। इसके साथ ही एम एस धोनी और ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन अभी तक इस सीजन एक भी मुकाबला नहीं खेल पाए हैं। इस समय सीएसके 11 मुकाबलों में छह जीत के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है।

# सिंधु, सात्विक-चिराग लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में




**पटुमवान (थाईलैंड), वार्ता।** तीन सीडेड भारतीय एंट्री, जिनमें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी (1), पीवी सिधु (6), और लक्ष्य सेन (7) शामिल हैं,

गुरुवार को थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सात्विक-चिराग ने अपने मलेशियाई अपोनेंट्स गुंटिंग ब्रायन जेरेमी और हाइकल मुहम्मद को 21-12, 21-19 से हराया, सिधु ने डेनमार्क की अमाली शुल्ज के खिलाफ 21-13, 21-15 से जीत हासिल की, जबकि लक्ष्य ने चीन के झू झुआन चेन पर 21-12, 21-13 से शानदार जीत दर्ज कर अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर ली। वर्ल्ड टूर फाइनल्स 2025 में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी ने अपने मलेशियाई विरोधियों को 44 मिनट में सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई,

जहां उनका मुकाबला जापान की छठी वरीयता प्राप्त ताकुमी नोमुरा और युइची शिमोगामी से होगा। सिंधु ने शुल्ज पर एक जैसे गेम में दबदबा बनाया और 28 मिनट में 21-13, 21-15 से जीत हासिल की।

# ब्रिक्स बैठक का आगाज

गुरुवार को नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों का दो दिवसीय सम्मेलन शुरू हो गया है। यह सम्मेलन भारत की अध्यक्षता में हो रहा है। इस अवसर पर भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बड़ी बेबाकी के साथ ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में अपने विचार खुलकर रखे। उनका यह कहना बिल्कुल सही है कि अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक असुरक्षा और संस्थागत सुधारों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने स्वीकार किया कि अभूतपूर्व भू राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चतता का इस समय विश्व सामना कर रहा है और इसके पीछे सशर्त संघर्ष, जलवायु संबंधी आपदाएं और कोविड महामारी के दीर्घकालिक प्रभाव प्रमुख कारण हैं। भारतीय विदेश मंत्री ने साफ किया कि ये संकट अलग नहीं हैं, बल्कि ऐसा संगम हैं जो अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाओं की क्षमता की परीक्षा ले रहे हैं और इसका सबसे ज्यादा असर उभरती अर्थव्यवस्थाओं तथा विकासशील देशों पर पड़ रहा है। जैसीकि उम्मीद थी उन्होंने पश्चिम एशिया की स्थिति पर खुलकर अपनी बात रखी और साथ ही चिंता जताते हुए कहा कि लगातार तनाव, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए खतरा बन रहा है। उन्होंने होर्मुज स्टेट और लाल सागर जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में निर्बाध आवाजाही को वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए आवश्यक बताया और सबसे बड़ी बात उन्होंने गाजा संघर्ष को मानवीय संकट बताया और इसका हल दो राष्ट्रीय समाधान के आधार पर ढूंढने की वकालत की। डा. जयशंकर ने यह भी स्पष्ट स्थिरता चुनिंदा नहीं हो सकती और शांति टुकड़ों में स्थापित नहीं की जा सकती। उन्होंने खुलकर एक तरफा प्रतिबंधों और दबावों की आलोचना की जो अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप नहीं हैं। ब्रिक्स ऐसे समय में हो रहा है जब वास्तव में दुनिया के सामने चुनौतियां ही चुनौतियां हैं। पश्चिम एशिया संकट तो है ही, साथ ही कई वर्षों से रूस-यूक्रेन युद्ध भी बराबर जारी है। इसके अलावा भी कई जगह ऐसी हैं जहां टकराव की बातें सामने आती रहती हैं। जैसे चीन-ताईवान के बीच संघर्ष, कभी भी जन्म ले सकता है। ऐसे में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। इस बैठक में किस तरह के फैसले सामने आते हैं, यह तो बैठक के बाद ही पता चलेगा, इस समय तो यह उम्मीद ही की जा सकती है कि ब्रिक्स से जुड़े सभी देश अपनी जिम्मेदारी का ठीक से निर्वहन करेंगे और टकराव का रास्ता छोड़कर सहयोग की ओर बढ़ेंगे। यही आज विश्व के हित में होगा।

## श्रीमुख से...

### युद्ध कोई विकल्प नहीं है



आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले के पाकिस्तान के साथ बातचीत करने वाला बयान स्वागत योग्य है, यह इस बढ़ती हुई समझ को दर्शाता है कि अब युद्ध कोई विकल्प नहीं रहा, यह एक बहुत बड़ा कदम है, मुझे खुशी है कि अब कोई यह सोच रहा है कि युद्ध कोई विकल्प नहीं है, यह बातचीत का मामला है और बातचीत के जरिए ही हमें अपनी समस्याओं का हल निकालना चाहिए, दिल्ली में शुरू हो रही ब्रिक्स की बैठक पश्चिम एशिया में शांति को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगी, ब्रिक्स की बैठक हो रही है और हमें उम्मीद है कि पश्चिम एशिया में शांति होगी, ब्रिक्स भी इस पर दबाव डालेगा, अमे. रिकी राष्ट्रपति ट्रम्प चीन में हैं, मुझे यकीन है कि चीन भी अपनी भूमिका निभाएगा ताकि शांति बनी रहे। **-फारूक अब्दुल्ला, पूर्व मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**
पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

# सामाजिकता की सबसे बड़ी कुंजी है परिवार



अतुल गोयल



विश्वभर में हर वर्ष 15 मई को मनाया जाने वाला 'अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस' मानव सभ्यता की सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था 'परिवार' के महत्व को पुन: स्मरण करने का अवसर है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 1993 में घोषित यह दिवस समाज, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और नैतिक मूल्यों के निर्माण में परिवार की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करता है। इस वर्ष 'अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस' की थीम है 'परिवार, असमानताएं और बाल कल्याण', जो वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक है क्योंकि बढ़ती आर्थिक विषमता, सामाजिक असंतुलन, तकनीकी बदलाव और बदलती जीवनशैली का सबसे गहरा प्रभाव परिवारों और विशेष रूप से बच्चों पर पड़ रहा है। परिवार केवल रक्त संबंधों का समूह नहीं होता बल्कि व्यक्ति के जीवन का पहला विद्यालय, पहला संस्कार केंद्र और पहली सामाजिक प्रयोगशाला होता है। मनुष्य बोलना, चलना, व्यवहार करना, प्रेम करना, सम्मान देना और जिम्मेदारियां निभाना सबसे पहले परिवार से ही सीखता है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में परिवार को सदैव सर्वोच्च स्थान प्राप्त रहा है। यहां परिवार का अर्थ केवल माता-पिता और बच्चों तक सीमित नहीं था बल्कि दादा-दादी, चाचा-चाची, ताऊ-ताई, मामा-मौसी सहित बहुपीढ़ीय संयुक्त परिवार भारतीय समाज की पहचान हुआ करते थे। 'वसुधैव कुटुंबकम' का आदर्श इसी व्यापक पारिवारिक दृष्टि का प्रतीक है, जिसमें संपूर्ण विश्व को एक परिवार माना गया।

भारतीय जीवन पद्धति में परिवार केवल आर्थिक इकाई नहीं बल्कि संवेदनाओं और संस्कारों का जीवंत केंद्र था। घर के आंगन में दादा-दादी की कहानियां बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण का आधार बनती थी। त्योहार केवल उत्सव नहीं बल्कि पारिवारिक एकता और सांस्कृतिक चेतना के अवसर होते थे। भोजन एक साथ बैठकर किया जाता था और जीवन के छोटे-बड़े निर्णय सामूहिक रूप से लिए जाते थे। उस समय परिवार में 'मैं' से अधिक 'हम' की भावना महत्वपूर्ण थी किन्तु आधुनिकता, शहरीकरण, उपभोक्तावाद और डिजिटल जीवनशैली ने परिवार की पारंपरिक संरचना को गहराई से प्रभावित किया है। आज महानगरों में जीवन की तीव्र गति और प्रतिस्पर्धा ने रिश्तों की आत्मीयता को कमजोर किया है। लोग एक ही घर में रहते हुए भी भावनात्मक रूप से एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं। भोजन की मेज पर संवाद की जगह मोबाइल फोन ने ले ली है। पहले जहां शाम का समय परिवार के साथ बिताया जाता था, वहीं अब अधिकांश समय अलग-अलग कमरों में स्क्रीन के सामने बीतता है। तकनीक ने सुविधा तो बढ़ाई है परन्तु रिश्तों की गर्माहट को कहीं न कहीं कम भी किया है।

इस बदलते परिवेश का सबसे गहरा प्रभाव बच्चों पर दिखाई देता है। आज का बच्चा डिजिटल रूप से अत्यंत सक्षम है लेकिन भावनात्मक रूप से पहले की तुलना में अधिक अकेला होता जा रहा है। परिवारों में संवाद की कमी, माता-पिता की व्यस्तता और बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस इसी वास्तविकता की ओर ध्यान आकर्षित करता है कि सामाजिक और आर्थिक असमानताएं बच्चों के भविष्य को किस प्रकार प्रभावित कर रही हैं। विश्व के अनेक देशों में आज भी करोड़ों बच्चे गरीबी, कुपोषण, शिक्षा की कमी और असुरक्षित वातावरण में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। जिन परिवारों की आय अस्थिर होती है या जिनके पास स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं तक पर्याप्त पहुंच नहीं होती, वहां बच्चों का समग्र विकास बाधित हो जाता है। आर्थिक असमानता केवल आय का अंतर नहीं बल्कि अवसरों की असमानता भी है। गरीब परिवारों के बच्चे अक्सर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षित वातावरण से वंचित रह जाते हैं, जिससे पीढ़ियों तक गरीबी और वंचना का चक्र बना रहता है। आज वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन, युद्ध, विस्थापन, बेरोजगारी और तकनीकी बदलाव जैसी चुनौतियां परिवारों पर अतिरिक्त दबाव डाल रही हैं। प्रवासन के कारण लाखों परिवार टूट रहे हैं। माता-पिता रोजगार की तलाश में दूर शहरों या देशों में चले जाते हैं और बच्चे भावनात्मक दूरी का सामना करते हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र इस वर्ष परिवार-केंद्रित सामाजिक सुरक्षा नीतियों पर विशेष जोर दे रहा है। बाल कल्याण, मातृत्व सहायता, पितृत्व अवकाश, सस्ती बाल देखभाल सेवाएं, प्रारंभिक शिक्षा और परिवार समर्थक नीतियां केवल कल्याणकारी योजनाएं नहीं बल्कि भविष्य के स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं। भारतीय समाज में भी पारिवा. रिक संरचना तेजी से बदल रही है। संयुक्त परिवारों की जगह एकल परिवारों का विस्तार हुआ है। गांवों की तुलना में महानगरों में पारिवा. रिक विघटन अधिक स्पष्ट दिखाई देता है। रोजगार और बेहतर अवसरों की तलाश में युवा महानगरों और विदेशों की ओर जा रहे हैं, जिसके कारण बुजुर्ग माता-पिता अकेले रह जाते हैं। आर्थिक सहायता तो मिल जाती है लेकिन भावनात्मक सहारा धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है। सबसे अधिक प्रभावित यदि कोई वर्ग हुआ है तो वह बुजुर्गों का है। कभी परिवार की धुरी माने जाने वाले बुजुर्ग आज अनेक घरों में उपेक्षा और अकेलेपन का जीवन जीने को विवश हैं।

पहले परिवार के निर्णयों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती थी लेकिन आज अनेक बुजुर्ग स्वयं को अप्रासंगिक महसूस करने लगे हैं। वृद्धावस्था में व्यक्ति को केवल दवा और धन की आवश्यकता नहीं होती बल्कि सम्मान, संवाद और अपनापन भी उतना ही आवश्यक होता है। भारत में वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या बदलते सामाजिक ढांचे का गंभीर संकेत है। अनेक रिपोर्टों में यह सामने आया है कि बड़ी संख्या में बुजुर्ग मानसिक अवसाद, असुरक्षा और सामाजिक अलगाव का अनुभव कर रहे हैं। आधुनिक तकनीक दूरी कम करने का दावा करती है लेकिन वास्तविक मानवीय संवाद का कोई विकल्प नहीं हो सकता। जब समाज में सामूहिक बंधन कमजोर होते हैं, तब व्यक्ति अकेलेपन और असुरक्षा का शिकार हो जाता है। वर्तमान भारतीय समाज में यही स्थिति दिखाई दे रही है। आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति के बावजूद मानसिक तनाव, अवसाद और सामा. जिक अलगाव जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसका एक प्रमुख कारण परिवारों के भीतर बढ़ती भावनात्मक दूरी भी है।

# अखिलेश की संवेदनशीलता ने दिखाई प्रेम की राह



रोहित कौशिक

हमारे समाज और राजनीति में कुछ खबरें कभी पुरानी नहीं होती। इसलिए ऐसी खबरों पर लगातार चिंतन-मनन होता रहता है। इस दौर में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या राजनीति में बढ़ती नफरत को कम करने की कोशिश की जा रही है ? क्या इस दौर में व्यक्तिगत हो चुकी राजनीति की धारा मोड़ने का प्रयास किया जा रहा है ? क्या इस दौर में राजनीतिक शुचिता की बात करने वाले राजनेता अपने दिल की सफाई कर पाए हैं। क्या इस दौर में ऊपर से साफ-सुथरे दिखने वाले राजनेता अपने दिल में जमे कटुता के मैल को साफ कर पाए हैं?

अगर गंभीरता से इन प्रश्नों के उत्तर खोजने की कोशिश की जाएगी तो हमारे अंदर निराशा का भाव ही पैदा होगा। सच्चाई तो यह है कि इस दौर की राजनीति में लगातार नफरत की भावना बढ़ती जा रही है। एक तरफ विकास के लोक लुभावन नारे लगाए जा रहे हैं तो दूसरी तरफ साम्प्रदायिक राजनीति को बढ़ावा देकर जानबूझकर राजनीति में नफरत का भाव पैदा किया जा रहा है। नफरत की इस गर्मी में प्रेम की ठंडी फुहार का अहसास हुआ है। नफरत की राजनीति के इस दौर में प्रेम पैदा करने की पहल हुई है। यह पहल की है उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने। वहीं अखिलेश यादव जिन्हें बदनाम करने की तमाम कोशिशें होती रहती हैं। वही अखिलेश यादव जिन्हें अक्सर नफरत की राजनीति का शिकार बनाया जाता है। हालांकि खबर के लिहाज से यह बात थोड़ी पुरानी हो चुकी है, लेकिन विश्लेषण के हिसाब से कोई भी खबर पुरानी नहीं होती है। इस अंधकार भरे समय में राजनेताओं की संवे. दनशीलता पर लगातार बहस और विचार-विमर्श होते रहना चाहिए। जिस दौर में राजनीति में आज आदमी की मूलभूत समस्याओं को नजरअंदाज कर हिन्दू-मुस्लिम के मुद्दे को ही प्रमुख बना दिया गया है, उस दौर में यदि किसी राजनेता की संवेदनशीलता की खबर आती है तो उस पर लगातार बहस होनी चाहिए।

दरअसल कुछ दिनों पहले बहराइच सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े मुद्दे पर विरोध जताते हुए अखिलेश यादव का पुतला जला रही थीं। उत्तर प्रदेश के बहराइच में भाजपा द्वारा नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका गया था। जब भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल, अखिलेश यादव का पुतला जला रही थीं तब उनका चेहरा और बाल आग की चपेट में आ गए। उनका चेहरा बुरी तरह झुलस गया। उन्हें आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के मेदांता अस्पताल ले रेफर कर दिया गया। अनुपमा जायसलवाल, अखिलेश यादव का पुतला जलाते हुए आग से झुलसी थी। इसके बावजूद अखिलेश यादव उन्हें देखने के लिए मेदांता अस्पताल पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। सियासी कड़वाहट के बीच अखिलेश यादव की इस संवेदनशीलता ने सबको हैरान कर दिया। अखिलेश यादव का वह फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था जिसमें वे मेदांता अस्पताल में अनुपमा जायसवाल से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। अखिलेश यादव को अपने सामने देखकर अनुपमा जायसवाल के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई थी।

उस समय अखिलेश यादव ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना भा की थी। अखिलेश यादव ने यह पहल कर एक बड़ी लकीर खींच दी। उन्होंने अपनी इस पहल से यह संदेश भी दिया कि लोकतंत्र में वैचारिक असहमति हो सकती है लेकिन व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं होनी चाहिए। इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर अखिलेश यादव की इस संवेदनशीलता की काफी प्रशंसा हुई थी। इस मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर ट्वीट कर जानकारी भी दी थी। अखिलेश यादव ने इस मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था कि हम नहीं चाहते कि समाज के बीच आग जले। हम चाहते हैं समाज में सौहार्द की फुहार हो।

# क्या भारत प्रतियोगी परीक्षाएं कराने की क्षमता खो चुका है!

विजय शंकर पाण्डेय




पूर्व आईएएस अधिकारी वी एस पाण्डेय लिखते हैं इन घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि समस्या केवल किसी एक राज्य या एजेंसी तक सीमित नहीं है। यह एक संगठित उद्योग का रूप ले चुकी है जिसमें कोचिंग माफिया, प्रिंटिंग प्रेस, परीक्षा केंद्र कर्मचारी, साइबर अपराधी और कई बार प्रभावशाली लोग भी शामिल पाए जाते हैं।

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET को पेपर लीक के आरोपों के कारण निरस्त किया जाना केवल एक परीक्षा का संकट नहीं है, बल्कि यह भारत की पूरी परीक्षा प्रणाली पर लगा गंभीर प्रश्नचिन्ह है। लाखों विद्यार्थी वर्षों की मेहनत, मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और पारिवारिक अपेक्षाओं के साथ इन परीक्षाओं में बैठते हैं, लेकिन जब प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही बाजार में बिकने लगें, व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर घूमने लगें, और बाद में परीक्षाएं रद्द करनी पड़ें, तब यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं बल्कि मेहनत बनाम भ्रष्टाचार की लड़ाई बन जाती है। हाल के घटनाक्रम में NEET-UG 2026 को पेपर लीक के आरोपों के बाद रद्द किया गया है और जांच एजेंसियां सक्रिय हुई हैं। भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं का दायरा अत्यंत विशाल है। हर वर्ष करोड़ों विद्यार्थी सरकारी नौकरियों, मेडिकल, इंजीनियरिंग, विश्वविद्यालय प्रवेश तथा अन्य भर्ती परीक्षाओं में भाग लेते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में प्रश्नपत्र लीक की घटनाएं इतनी सामान्य हो गई हैं कि अब ईमानदार परीक्षार्थी स्वयं को ठगा हुआ महसूस करने लगे हैं। 2019 से 2024 के बीच देश में कम से कम 65 बड़ी परीक्षाएं पेपर लीक या परीक्षा अनियमितताओं से प्रभावित हुईं। लाखों सपनों की कब्रगाह बन चुका है भारत का परीक्षा तंत्र। हर साल करोड़ों युवा रात-दिन एक करके परीक्षाओं की तैयारी करते हैं कोई डॉक्टर बनना चाहता है, कोई इंजीनियर, कोई सरकारी अफसर। लेकिन जब परीक्षा हॉल में बैठने से पहले ही प्रश्नपत्र व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर वायरल हो जाता है, तो उन सपनों का क्या होता है? यह केवल एक परीक्षा का निरस्त होना नहीं है कृ यह उस पूरी व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है जिस पर 140 करोड़ लोगों का भविष्य टिका है। पेपर लीक की एक लंबी और शर्मनाक सूची है । भारत में पेपर लीक कोई नई घटना नहीं है। यह एक दशकों पुरानी बीमारी है जो हर बार नए रूप में सामने आती है। इसके कुछ उदाहरण NEET-UG 2024, 5 मई 2024 को देशभर में लगभग 24 लाख परीक्षार्थी बैठे। परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बिहार में 13 लोग गिरफ्तार हुए जिन्होंने प्रश्नपत्र खरीदा था। गुजरात के गोधरा में एक परीक्षा केंद्र पर धांधली पकड़ी गई। ब्ठप् जांच और सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप हुआ। छज। के महानिदेशक को बर्खास्त किया गया।

UGC-NET जून 2024, 18 जून को परीक्षा हुई, 19 जून को रद्द। डार्कनेट पर प्रश्नपत्र लीक की पुष्टि हुई। UP पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2024, लगभग 48 लाख अभ्यर्थी प्रभावित। परीक्षा व्यापक लीक के बाद रद्द करनी पड़ी। CBSE 2018, कक्षा 12 की अर्थशास्त्र और कक्षा 10 की गणित का प्रश्नपत्र लीक हुआ। लाखों छात्रों को दोबारा परीक्षा देनी पड़ी। SSC CGL 2017, स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की परीक्षा में लीक के आरोपों ने देशव्यापी प्रदर्शन और CBI जांच को जन्म दिया। AIPMT 2015, सुप्रीम कोर्ट ने व्यापक लीक के चलते पूरी परीक्षा रद्द करने का आदेश दिया। व्यापम घोटाला, मध्यप्रदेश (2013 और आगे) दर्जनों परीक्षाओं में सुनियोजित धोखाधड़ी। इससे जुड़े कई व्यक्तियों की रहस्यमय मौतें। अब तक का सबसे बड़ा परीक्षा घोटाला माना जाता है। REET 2021, राजस्थानरू शिक्षक भर्ती परीक्षा में सरकारी अधिका. रियों की संलिप्तता से बड़े पैमाने पर लीक। BPSC 67वीं परीक्षा 2022, बिहार-प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर वायरल, परीक्षा रद्द। West Bengal SSC घोटाला: शिक्षक भर्ती में पैसे लेकर नौकरी देने और OMR शीट से छेड़छाड़ के गंभीर आरोप। यह सूची यहीं समाप्त नहीं होती। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र कृ हर राज्य में यही कहानी दोहराई गई है। इन घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि समस्या केवल किसी एक राज्य या एजेंसी तक सीमित नहीं है। यह एक संगठित उद्योग का रूप ले चुकी है, जिसमें कोचिंग माफिया, प्रिंटिंग प्रेस, परीक्षा केंद्र कर्मचारी, साइबर अपराधी और कई बार प्रभावशाली लोग भी शामिल पाए जाते हैं। सबसे दुखद पक्ष यह है कि हर बार सजा विद्यार्थियों को मिलती है। कोई छात्र दो-दो वर्ष ड्रॉप लेकर तैयारी करता है, कोई गरीब परिवार खेत बेचकर कोचिंग की फीस देता है, कोई छात्र मानसिक दबाव में अवसाद तक पहुंच जाता है। लेकिन परीक्षा रद्द होने के बाद वही छात्र फिर से महीनों तैयारी करने को मजबूर हो जाता है। परीक्षा की निष्पक्षता पर संदेह का अर्थ है कि पूरी मेरिट व्यवस्था पर जनता का भरोसा टूटना। सवाल यह है कि आखिर भारत जैसी तकनीकी शक्ति रखने वाला देश सुरक्षित परीक्षा प्रणाली क्यों नहीं बना पा रहा? इसका सबसे बड़ा कारण है भ्रष्टाचार का संगठित नेटवर्क।ऐसा इस लिए है क्योंकि स्पष्ट रूप से देश की प्रशासनिक व्यवस्था ने एक प्रकार से भ्रष्टाचार को आत्मसात सा कर लिया हो और जब देशमें सर्वत्र भ्रष्टाचार व्याप्त हो तो परीक्षाएं कैसे साफ सुथरी रह सकती हैं। जरा सोंचे कि जब बिना रिश्वत या सिफारिश के शायद ही किसी सरकारी दफ्तर में काम होता है और पूरा प्रशासनिक प्रणाली भ्रष्टाचार से ग्रसित हो तो वही व्यवस्था इम्तहान कैसे ईमानदारी से करा पाने में सक्षम हो सकती है।

**( लेखक भारत सरकार के पूर्व सचिव हैं )**

## युद्धविराम के बाद से लेबनान में 23 बच्चे मारे गए, 93 घायलः यूनिसेफ

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा है कि 17 अप्रैल से लागू युद्धविराम के बाद से लेबनान में कम से कम 23 बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि 93 बच्चे घायल हुए हैं। यूनिसेफ ने बुधवार को जारी बयान में कहा, ष्स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सीजफायर शुरू होने के बाद से अब तक कम से कम 23 बच्चे मारे गए और 93 घायल हुए हैं। दो मार्च से अब तक कुल 200 बच्चों की मौत और 806 बच्चे घायल हुए हैं, यानी औसतन हर दिन लगभग 14 बच्चे मारे गए या फिर घायल हुए हैं। बयान में यह भी कहा गया कि पिछले सात दिनों में ही लेबनान में हमलों में मारे गए और घायल बच्चों की संख्या 59 पहुंच गई हैं। मंगलवार सुबह बेरूत के दक्षिण में एक कार पर हुए हमले में दो बच्चों और उनकी मां की मौत हुई है।



कीव। रूसी हमले के बाद एक आवासीय इलाके में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए घर के मलबे को हटाते बचावकर्मी।

## यूरोपीय बाजार में भारतीय समुद्री उत्पादन को भेजने की छूट

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ की एक अधिसूचना के अंतर्गत की गई घोषणा के अनुसार भारत से झींगा और मछली जैसे मत्स्य पालन उत्पादों को वहां के बाजार में निर्यात की छूट बनी रहेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि ईयू की ओर से 12 मई को प्रकाशित संशोधित मसौदा सूची में भारत को शामिल किया गया है ताकि यूरोपीय संघ के बाजार में जलीय कृषि उत्पादों का निर्यात जारी रखा जा सके। नई घोषणा से ईयू के 4 अक्टूबर 2024 को जारी कार्यान्वयन विनियमन 2024/2598 में पहले हुई चूक से भारतीय निर्यात को में उत्पन्न चिंता दूर हुई है।

# सिर्फ औपचारिकता निभाने चीन नहीं गए हैं ट्रम्पः व्हाइट हाउस

### कहाः ताइवान मुद्दा सबसे अहम, ट्रम्प प्रशासन ने ताइवान के लिए 11 अरब डॉलर के हथियार पैकेज को दी मंजूरी

**वाशिंगटन।** चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि अमेरिका ताइवान को हथियार देने की तैयारी कर रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने ताइवान के लिए 11 अरब डॉलर के हथियार पैकेज को मंजूरी दी है, हालांकि उसकी डिलीवरी अभी शुरू नहीं हुई है।

ताइवान दुनिया में चिप निर्माण का बड़ा केंद्र है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उद्योग के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। ट्रम्प अमेरिका में चिप उत्पादन बढ़ाने के लिए ताइवान के साथ व्यापारिक सहयोग मजबूत करना चाहते हैं। इसी सिलसिले में एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग भी अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बने हैं। ट्रम्प के साथ विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ भी चीन पहुंचे हैं। इसके अलावा टेक, रक्षा, कृषि और वित्त क्षेत्र के कई बड़े कारोबारी भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं।



■ ट्रम्प के साथ विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ भी चीन पहुंचे हैं

व्हाइट हाउस का कहना है कि ट्रम्प इस दौरे पर सिर्फ औपचारिकता निभाने नहीं गए हैं, बल्कि कुछ ठोस परिणाम चाहते हैं। अमेरिकी प्रशासन को उम्मीद है कि चीन अमेरिकी सोयाबीन, बीफ और विमानों की खरीद बढ़ाने का ऐलान कर सकता है। साथ ही दोनों देशों के व्यापारिक विवाद सुलझाने के लिए बोर्ड ऑफ ट्रेड जैसी व्यवस्था पर भी चर्चा हो सकती है। हालांकि अभी तक किसी भी संभावित समझौते की स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। इस दौरे के दौरान सबसे बड़ा मुद्दा ईरान बना हुआ है। अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान के युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को झटका दिया है। होर्मुज स्ट्रेट के प्रभावित होने से तेल और गैस आपूर्ति बाधित हुई है और ऊर्जा कीमतों में उछाल आया है। ऐसे में ट्रम्प चीन से ईरान पर दबाव डालने की कोशिश कर सकते हैं, क्योंकि चीन ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यह ट्रम्प का 2017 के बाद पहला चीन दौरा है। इससे पहले दोनों नेता पिछले साल अक्तूबर महीने में बुसान में मिले थे। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रम्प और शी जिनपिंग की यह मुलाकात आने वाले समय में अमेरिका-चीन संबंधों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# ताइवान पर चीन की अमेरिका को सख्त चेतावनी

## शी जिनपिंग बोलेः गलत कदम से छिड़ सकता है संघर्ष

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बीजिंग में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी दी है कि ताइवान मुद्दे पर किसी भी प्रकार की गलत रणनीति दोनों देशों को 'संघर्ष' की ओर धकेल सकती है। गुरुवार को महाशक्ति शिखर सम्मेलन के तहत हुई बैठक में ट्रम्प ने शी को 'महान नेता' और 'मित्र' बताते हुए कहा कि दोनों देशों का 'भविष्य शानदार' होगा।



■ चीन के राष्ट्रपति ने कहाः अमेरिका-चीन के बीच टकराव का कारण बन सकता है ताइवान

शी ने औपचारिक स्वागत समारोह के बीच अपेक्षाकृत सख्त लहजे में यह भी कहा कि दोनों देशों को 'प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि साझेदार' होना चाहिए। उन्होंने शुरुआत में ही ताइवान मुद्दे को चीन-अमेरिका संबंधों का सबसे महत्वपूर्ण विषय बताया। चीनी सरकारी मीडिया के अनुसार शी ने कहा कि ताइवान प्रश्न चीन-अमेरिका संबंधों का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। यदि इसे गलत तरीके से संभाला गया, तो दोनों देश टकराव या यहां तक कि संघर्ष की स्थिति में पहुंच सकते हैं, जिससे पूरे चीन-अमेरिका संबंध अत्यंत खतरनाक स्थिति में चले जाएंगे। यूरोन्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, करीब सवा दो घंटे तक चली प्रारंभिक वार्ता के बाद व्हाइट हाउस के जारी आधिकारिक विवरण में ताइवान का कोई उल्लेख नहीं किया गया। इससे संकेत मिला कि दोनों नेता इस मुद्दे पर किसी ठोस सहमति तक नहीं पहुंच सके। ट्रम्प की यह यात्रा लगभग एक दशक बाद किसी अमेरिकी राष्ट्रपति की पहली चीन यात्रा है।

भव्य स्वागत समारोह के बावजूद व्यापार और भू-राजनीतिक तनाव अब भी दोनों देशों के बीच प्रमुख मुद्दे बने हुए हैं। शी ने ट्रम्प का स्वागत ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में रेड कार्पेट, सैन्य बैंड, तोपों की सलामी और स्कूली बच्चों के स्वागत नारों के साथ किया। ट्रम्प ने समारोह के दौरान कहा कि चीन और अमेरिका के संबंध पहले से कहीं बेहतर होने जा रहे हैं। इसके विपरीत शी ने प्राचीन यूनानी राजनीतिक सिद्धांत 'थ्यूसीडिडेस ट्रैप' का उल्लेख करते हुए कहा कि उभरती शक्ति और स्थापित शक्ति के बीच प्रतिस्पर्धा युद्ध का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि क्या चीन और अमेरिका तथाकथित 'थ्यूसीडिडेस ट्रैप' से ऊपर उठकर महाशक्तियों के संबंधों का नया प्रतिमान स्थापित कर सकते हैं? सहयोग दोनों पक्षों के लिए लाभकारी है, जबकि टकराव दोनों को नुकसान पहुंचाता है। वर्ष 2017 में ट्रम्प की पिछली चीन यात्रा के बाद से दोनों देश व्यापार युद्ध, तकनीकी प्रतिस्पर्धा और कई वैश्विक मुद्दों पर लगातार मतभेदों में उलझे रहे हैं। ताइवान लंबे समय से दोनों देशों के बीच तनाव का प्रमुख कारण रहा है। अमेरिका 'वन चाइना' नीति के तहत केवल बीजिंग को मान्यता देता है, लेकिन अमेरिकी कानून के अनुसार वह ताइवान को आत्मरक्षा के लिए हथियार उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उसे अपने नियंत्रण में लेने के लिए बल प्रयोग की संभावना से भी इन्कार नहीं करता। हाल के वर्षों में उसने ताइवान पर सैन्य दबाव बढ़ाया है। शी की टिप्पणियों के बाद ताइपे ने प्रतिक्रिया देते हुए चीन को क्षेत्रीय शांति के लिए 'एकमात्र खतरा' बताया और कहा कि अमेरिका ने ताइवान के प्रति अपने 'स्पष्ट और दृढ़ समर्थन' की बार-बार पुष्टि की है। चीन के विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं की वार्ता अब तक सकारात्मक माहौल में हुई है। ट्रम्प ने शी को 'मित्र' बताया और दोनों नेताओं ने 'रचनात्मक, रणनीतिक और स्थिर संबंध' स्थापित करने पर सहमति जताई है। ताइवान मुद्दे के अलावा बीजिंग में हुई उच्चस्तरीय वार्ता के दौरान शी और ट्रम्प ने अपेक्षाकृत सौहार्दपूर्ण रुख अपनाया तथा बैठक को बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के संबंधों को स्थिर करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास बताया। शिखर सम्मेलन का प्रमुख परिणाम वह नई रूपरेखा रही, जिसे शी ने 'रणनीतिक स्थिरता पर आधारित रचनात्मक चीन-अमेरिका संबंध' करार दिया।

### चीनी पीएम ने एलन मस्क, टिम कुक, जेन्सेन हुआंग से की मुलाकात

**बीजिंग।** चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने गुरुवार को एलन मस्क (टेस्ला), टिम कुक (एप्पल) और जेन्सेन हुआंग (एनवीडिया) जैसे अमेरिका के दिग्गज उद्योगपतियों से मुलाकात की और अपील की कि वे चीन एवं अमेरिका के बीच संबंधों के 'स्वस्थ विकास' को बनाए रखने में सहयोग करें। यह महत्वपूर्ण बैठक बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच होने वाले उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन के दौरान हुई। बीजिंग में एक दर्जन से अधिक अमेरिकी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कियांग ने कहा कि दोनों देशों के बीच बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और व्यापारिक तनाव के बावजूद 'मित्र और भागीदार' बने रहने की पूरी क्षमता है। ट्रम्प की इस चीन यात्रा में उनके साथ अमेरिका के 16 प्रमुख उद्योगपतियों का एक बड़ा समूह आया है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ट्रम्प चीन के साथ नए निवेश और व्यापार बोर्ड बनाने की संभावनाओं पर काम करना चाहते हैं।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया की वायु सेनाओं की बैठक

■ एयरोस्पेस सहयोग पर चर्चा, डफ-28 घोस्ट बैट लड़ाकू विमान भी दिखा

**कैनबरा।** भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और रायल आस्ट्रेलियन एयर फोर्स ने श्भविष्य के एयरोस्पेस सहयोगश पर चर्चा की है। यह चर्चा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते रक्षा संबंधों के बीच हुई है, जहां फोटो सेशन के दौरान बोइंग एमक्यू-28 घोस्ट बैट लड़ाकू विमान भी पीछे दिखाई दिया। दोनों वायु सेनाओं के बीच हाल ही में 12वीं एयर स्टाफ वार्ता कैनबरा में हुई।

इस वार्ता का खास फोकस अभियान के समय तालमेल, एक-दूसरे की प्रणाली के साथ मिलकर काम करने की क्षमता , प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग पर था। आईएएफ के बयान में कहा गया कि 12वीं एयर स्टाफ वार्ता में दोनों वायु सेनाओं ने आपरेशनल तालमेल बढ़ाने, संयुक्त अभ्यास, एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग समझौते, प्रशिक्षण और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता और क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करने और भविष्य के लिए तैयार हिंद-प्रशांत साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। आस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वायु सेना के उप प्रमुख एयर वाइस मार्शल स्टीवन पेस ने कैनबरा और ब्रिस्बेन में भारतीय वायु सेना के एयर वाइस मार्शल संजीव तालियान की मेजबानी की। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और पेशेवर वायु शक्ति संवाद को आगे बढ़ाया गया। बैठक के दौरान आस्ट्रेलिया की ओर से जारी एक तस्वीर में बोइंग डिफेंस आस्ट्रेलिया का एमक्यू-28 घोस्ट बैट पीछे दिखाई दिया। यह एक मानव रहित लड़ाकू विमान है, जिसे इस तरह से बनाया गया है कि यह पायलट वाले लड़ाकू विमानों और हवाई प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के साथ मिलकर काम कर सके।

## फ्रांसीसी राष्ट्रपति ईरानी एक्ट्रेस को मैसेज करते थे

■ दावाः मैक्रों को इस वजह से पत्नी ने थप्पड़ मारा, पिछले साल वीडियो वायरल हुआ था

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को वियतनाम में उनकी पत्नी ब्रिजित मैक्रों ने ईरानी मूल के एक्ट्रेस के कारण थप्पड़ मारा था। न्यूयार्क पोस्ट के मुताबिक, यह दावा फ्रांसीसी पत्रकार फ्लोरियन तारदिफ ने अपनी नई किताब 'एन (आलमोस्ट) परफेक्ट कपल' में किया है। यह किताब बुधवार को प्रकाशित हुई। किताब में कहा गया है कि यह विवाद ईरानी मूल की अभिनेत्री गोलशिफ्ते फराहानी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच कथित चौट की वजह से हुआ था।

रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति मैक्रों अभिनेत्री को मैसेज भेजते थे। एक मैसेज में उन्होंने कथित तौर पर लिखा था कि मुझे तुम बहुत खूबसूरत लगती हो। फ्रांसीसी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मैक्रों और फराहानी के बीच कई महीनों तक 'प्लेटोनिक रिलेशनशिप' (दोस्ती वाला रिश्ता) बना रहा। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया कि यह रिश्ता सिर्फ भावनात्मक और निजी बातचीत तक सीमित था। मैक्रों पिछले साल 25 मई को वियतनाम दौरे पर पहुंचे थे। इसी दौरान हनोई के नोई बाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनकी पत्नी उन्हें थप्पड़ मारती दिखी थीं। हालांकि, ब्रिजित मैक्रों की टीम ने इन सभी दावों को गलत बताया है। उनके प्रतिनिधियों ने कहा कि ब्रिजित कभी अपने पति का मोबाइल फोन नहीं देखतीं और किताब में कही गई बातें सच नहीं हैं। दूसरी तरफ अभिनेत्री गोलशिफ्ते फराहानी ने भी राष्ट्रपति मैक्रों के साथ किसी रिश्ते की खबरों को पहले ही खारिज कर दिया था।

## बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह ने रचा इतिहास

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह पोस्ट-कोविड दौर में मुख्य भूमिका निभाते हुए दुनिया भर में 3700 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय पुरुष अभिनेता बन गए हैं। धुरंधर फ्रेंचाइजी की शानदार सफलता के साथ रणवीर ने न सिर्फ सिनेमाघरों में अपना दबदबा फिर से स्थापित किया है, बल्कि खुद को आज के भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में भी शामिल कर लिया है। पोस्ट-कोविड दौर में रणवीर की थिएटर यात्रा फिल्म 83 से शुरू हुई, जिसने दुनिया भर में 184.36 करोड़ रुपये की कमाई की। इस फिल्म को इसकी भावनात्मक कहानी और रणवीर के दमदार अभिनय के लिए काफी सराहा गया। इसके बाद वह जएशभाई जोरदार में नजर आए, जिसने वैश्विक स्तर पर 24.1 करोड़ रुपये कमाए, जबकि सर्कस ने 39.6 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

# बांग्लादेश में खसरे से मृतकों की संख्या 432 हुई

### मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में कम से कम आठ और लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप गंभीर होता जा रहा है, इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 432 हो गई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में कम से कम आठ और लोगों की मौत हुई है।



■ देश में खसरे के पुष्ट और संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 60 हजार से अधिक हो गई है

देश में खसरे के पुष्ट और संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 60 हजार से अधिक हो गई है, जिससे स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इसे हाल के वर्षों का सबसे बड़ा प्रकोप बताया है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार, ये मौतें बुधवार सुबह तक के 24 घंटों में दर्ज की गईं। इसी अवधि में, 1489 संदिग्ध मामले सामने आए, जिससे संदिग्ध संक्रमणों की कुल संख्या 53056 हो गई। इसके अतिरिक्त, 126 पुष्ट मामले दर्ज किए गए, जिससे कुल पुष्ट मामलों की संख्या 7150 हो गई। बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र द डेली स्टार ने यह जानकारी दी। जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ मुश्ताक हुसैन ने कहा कि समय पर टीकाकरण न होने के कारण खसरे के मामले तेजी से फैले हैं। उन्होंने कहा, यदि प्रकोप को देखते हुए कोई उचित कदम उठाया गया होता, तो मृत्यु दर काफी कम हो सकती थी। हुसैन ने यह भी कहा कि एक बार जब मामले 50 हजार का आंकड़ा पार कर जाते हैं, तो सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया जाना चाहिए, और ऐसा न करके काफी गलत किया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले वर्ष अपर्याप्त टीकाकरण और कुपोषण ने इस प्रकोप को बदतर बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। वायरोलाजिस्ट और जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ महबूबा जमील ने इस वर्ष खसरे के मामलों में असामान्य वृद्धि के बारे में बताया। उन्होंने कहा, यदि टीकाकरण गतिविधियां जारी रहती हैं, तो अगले कुछ हफ्तों में संक्रमण में कमी आनी शुरू हो सकती है। जिन क्षेत्रों में टीकाकरण अभियान चलाए गए हैं, वहां अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति दिख रही है। जमील ने बताया कि संक्रमण के मामले में सिलहट जिला वर्तमान में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। सचेतन नागरिक समाज के बैनर तले प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने ढाका के धनमंडी 27 क्षेत्र में एक मानव श्रृंखला बनाई। उन्होंने खसरे से संबंधित मौतों के लिए पूर्व अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस और उनके स्वास्थ्य सलाहकार नूरजहां बेगम पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ितों के परिवारों के लिए मुआवजे की भी मांग की।

## कोरोना मौतों का आंकड़ा आधिकारिक संख्या से तीन गुना अधिकः WHO

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि कोविड-19 महामारी से दुनिया भर में मौतों की वास्तविक संख्या 2.2 करोड़ से अधिक पहुंच गई है, जो आधिकारिक तौर पर दर्ज 70 लाख मौतों से करीब तीन गुना ज्यादा है। डब्ल्यूएचओ की बुधवार को जारी 'वर्ल्ड हेल्थ स्टैटिस्टिक्स 2026' रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2020 से 2023 के बीच सभी कारणों से वैश्विक अतिरिक्त मौतों (एक्सेस डेथ्स) का अनुमान 2.21 करोड़ लगाया गया, जबकि कोविड-19 से आधिकारिक तौर पर 70 लाख मौतें दर्ज की गईं। इसका मतलब है कि कोविड से दर्ज हर एक मौत के मुकाबले महामारी से जुड़ी लगभग दो अतिरिक्त मौतें हुईं।

# फिलीपींस की संसद में गोलीबारी से मचा हड़कंप

### सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने के लिए चेतावनी दी और फायरिंग की

**मनीला।** फिलीपींस की संसद के भीतर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब वहां कुछ हथियारबंद नकाबपोशों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने के लिए चेतावनी दी और फायरिंग की, जिसके बाद हमलावर हवा में गोलियां चलाते हुए वहां से भाग गए।

यह घटना बुधवार रात तब हुई जब सीनेटर रोनाल्ड डेला रोजा अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए संसद भवन के अंदर छिपे हुए थे। उनपर मानवता के खिलाफ अपराध करने के आरोप हैं और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया है। रोजा सोमवार से ही अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए संसद में छिपे हुए थे, लेकिन इस गोलीबारी के बाद वह वहां से गायब हो गए हैं। राष्ट्रपति की प्रवक्ता क्लेयर कास्त्रो के मुताबिक, सीनेटर अब संसद परिसर में नहीं हैं। रोजा पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते के खास सहयोगी और पूर्व पुलिस प्रमुख रहे हैं और उन पर नशीली दवाओं के खिलाफ खूनी अभियान चलाने का आरोप है, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। इसी मामले में पूर्व राष्ट्रपति पहले से ही नीदरलैंड में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने देर रात जारी वीडियो में कहा कि इस घटना में सरकार का कोई हाथ नहीं है। उन्होंने लोगों से शांत रहने की अपील की और दोषियों को पकड़ने का भरोसा दिया। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। रोजा को 'बाटो' के नाम से जाना जाता है। उन पर आरोप है कि जब वे पुलिस प्रमुख थे, तब उन्होंने 'ओप्लान तोखांग' नाम की योजना के तहत कई लोगों की जान ली। हालांकि रोजा ने इन आरोपों को गलत बताया है और कहा है कि आईसीसी को उन्हें गिरफ्तार करने का अधिकार नहीं है। वे सोमवार से ही संसद भवन के अंदर थे और सुरक्षा एजेंसियों को चकमा दे रहे थे।





■ फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने देर रात जारी वीडियो में कहा कि इस घटना में सरकार का कोई हाथ नहीं

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)